हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 15 जनवरी 2025

## हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

जन्मदिन उत्सव

अब हर माह आप बनेंगे
## भाग्यशाली विजेता

## महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

**प्रथम पुरस्कार**



1 तोला, 5 नग
**सोने का हार**

**द्वितीय पुरस्कार**




**1 स्कूटी (EV)**

**तृतीय पुरस्कार**



2 नग
**रेफ्रीजरेटर**

**चतुर्थ पुरस्कार**



3 नग
**LED TV**

**सांत्वना पुरस्कार**



**1100**

नियम व शर्तें लागू

नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

# नगरीय निकाय 15वें वित्त आयोग की राशि वेतन, भत्ते, स्थापना पर किसी हाल में खर्च नहीं कर सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 15वें वित्त आयोग द्वारा नगरीय निकायों को जारी अनुदान राशि का उपयोग करने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। इस निर्देश में साफ किया गया है कि 15वें वित्त आयोग से जारी अनटाईड (बेसिक) अनुदान एवं टाईड अनुदान की राशि किसी भी स्थिति में वेतन, भत्ते, स्थापना आदि पर व्यय नहीं किया जाएगा। यही नहीं, हर साल मूलभूत शहरी सेवाओं से संबंधित सेवा स्तर के निर्धारित बेंचमार्क (सर्विस लेवल बेंचमार्क) हासिल करना अनिवार्य है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को इस संबंध में भेजे गए दिशा निर्देश में विस्तार से जानकारी दी गई है। बताया गया है कि वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 15वें वित्त आयोग की अंतिम रिपोर्ट के अध्याय 7 में शहरीय स्थानीय निकाय अनुदान पर अनुशंसाओं के क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश जारी किए थे।

15वें आयोग की जारी अनुशंसाओं के अनुसार शहरी निकायों को दो श्रेणी में विभाजित किया गया है। पहली श्रेणी में अर्बन एग्लोमेरेशन मिलियन सिटीज (एक मिलियन से अधिक आबादी वाले निकाय, दूसरी श्रेणी में नॉन मिलियन प्लस सिटीज जिसमें एक मिलियन से कम की आबादी वाले निकाय शामिल हैं। दोनों श्रेणियों में दो-दो घटक भी शामिल किए गए हैं।

## राज्य के सभी नगरीय निकायों के लिए जारी हुआ निर्देश

संपति कर की वसूली जीएसडीपी की वृद्धि दर के अनुरूप हो




### वायु की गुणवत्ता भी तय करेगा अनुदान

इसी निर्देश में परिवेशी वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के आधार पर अनुदान की बात कही गई है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ परामर्श कर मंत्रालय द्वारा चिन्हित एवं परिणामों के आधार पर परिवेशी एवं वायु गुणवत्ता के संबंध में शहर एवं वर्षवार लक्ष्य निर्धारित कर हासिल करना अनिवार्य है।

### देनी होगी उपयोगिता रिपोर्ट

*दिशा निर्देशों में ये भी साफ किया गया है कि राज्य के सभी नगरीय निकायों को हर साल उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना होगा। इशके साथ ही समस्त शहरी स्थानीय निकायों के लिए 15 वें वित्त आयोग की अनुदान राशि की पात्रता हासिल करने के लिए राजस्व( संपत्ति कर) वसूली में राज्य की जीएसडीपी की वृद्धि दर के अनुरूप वृद्धि लाना आवश्यक है। अन्यथा की स्थिति में निकायों को उस वर्ष की राशि भारत सरकार से प्राप्त नहीं होगी। इसके लिए आयुक्त या सीएमओ खुद उत्तरदायी होंगें। इसके साथ ही ये भी कहा गया है कि नगरीय निकायों को पिछले साल के वास्तविक लेखाओं तथा पिछले से पिछले वर्ष के लेखा परीक्षित लेखाओं को अनिवार्य रूप से तैयार करना होगा तथा उन्हें सार्वजनिक पटल पर ऑनलाईन उपलब्ध कराना होगा। अन्यथा की स्थिति में निकायों को उस साल की राशि भारत सरकार से नहीं मिलेगी।*

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात, दिया न्योता



**रायपुर।** आईएमए का एक प्रतिनिधिमंडल, आईएमए रायपुर अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सोलंकी और भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इसी दौरान प्रतिनिधिमंडल ने 16 जनवरी को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री साय को आमंत्रित किया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर आने की अपनी सहमति प्रदान की। साथ ही आईएमए ने कई महत्वपूर्ण मांगें भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं, जिसे मुख्यमंत्री ने पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

## प्रत्याशी चयन करने कांग्रेस ने तय की रणनीति

# नगरीय निकाय: कांग्रेस प्रत्याशियों के आवेदन जिला-ब्लॉक में, वहीं से बनकर आएगा पैनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकायों के चुनाव की तैयारी कांग्रेस संगठन ने तेज कर दी है। पार्टी ने यह तय किया है कि पार्षद का चुनाव लड़ने वाले दावेदार अपना आवेदन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को देंगे। वहीं मेयर और नगर पालिका चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से आवेदन करेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि कांग्रेस ने प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव की उल्टी गिनती शुरू होने के साथ ही प्रत्याशी चयन को लेकर फार्मूला तय कर दिया है। पार्षद चुनाव लड़ने वाले दावेदारों को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को अपना नाम देना होगा। वहीं मेयर और नगर पालिका अध्यक्ष के दोवदारों को जिला कांग्रेस कमेटी के माध्यम से नाम देना होगा। जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी इन नामों को पैनल बनाकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को देगी। प्रत्याशियों के चयन को लेकर वार्ड स्तर पर बनी समितियों के माध्यम से सर्वे भी कराया जा रहा है। वार्ड स्तर पर प्रभारी और पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। वे अपनी रिपोर्ट देंगे। सभी को देखने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रत्याशियों का नाम तय करेगी।



### नगर पंचायत चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त

जिला पंचायत और जनपद अध्यक्ष के संबंध में पीसीसी फार्मूला तय करेगी। हालांकि पंचायत चुनाव दलीय आधार पर नहीं होते फिर भी पार्टी समर्थित लोगों को चुनाव लड़ाया जाता है।पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी अपनी रणनीति तैयार करेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नगर पंचायत चुनाव के लिए 144 कांग्रेस नेताओं की पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्ति की है। पर्यवेक्षक जिला पंचायत और जनपद अध्यक्ष के साथ ही जिला पंचायत सदस्य और जनपद सदस्य का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के संबंध में पीसीसी को जानकारी देगी।

### मेयर के लिए जिला अध्यक्ष को आवेदन

नगर निगम रायपुर में मेयर पद के लिए कांग्रेस संगठन के निर्देश जारी होने के बाद दावेदार अर्पणा संचेती ने शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे को अपना आवेदन सौंपा। उनके साथ महिला कांग्रेस की कई पदाधिकारी मौजूद थीं।

# प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में डिप्टी सीएम साव ने कहा-पूरे किए कई वादे

सरकार का एक वर्ष कई उपलब्धियों से भरा रहा : साव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने 'प्रेस से मिलिए' कार्यक्रम में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का एक वर्ष कई उपलब्धियों से भरा रहा है। सरकार ने इस एक वर्ष में मोदी की गांरटी के कई प्रमुख वादों को पूरा किया है। उन्होंने कार्यक्रम में कहा, सरकार ने राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए नई औद्योगिक नीति लागू की है। पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया है जिससे अधोसंरचना विकास और रोजगार को गति मिलेगी।राज्य सरकार को नक्सल मोर्चे पर भी लगातार सफलता मिल रही है। बीते एक साल में 200 से अधिक नक्सली मारे गए हैं, कई गिरफ्तारियां और आत्म-समर्पण हुए हैं। नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से विकास की रोशनी बस्तर के अंदरूनी गांवों तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा, वर्ष 2047 तक विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ भी बनेगा।

### देखा पूरा परिसर

*उप मुख्यमंत्री ने प्रेस क्लब के पदाधिकारियों के साथ प्रेस क्लब का पूरा परिसर देखा। रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, महासचिव वैभव शिव पाण्डेय, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई और सचिव तृप्ति सोनी सहित विभिन्न मीडिया संस्थानों के अनेक पत्रकार भी बड़ी संख्या में इस दौरान मौजूद थे।*

### पत्रकारों के साथ कैरम में हाथ आजमाया

उप मुख्यमंत्री अरुण साव मंगलवार को रायपुर प्रेस क्लब के 'प्रेस से मिलिए' कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सवालों का बेबाकी से जवाब देने के साथ ही पत्रकारों के साथ कैरम में भी हाथ आजमाया। उन्होंने उप मुख्यमंत्री और राज्य शासन में चार विभागों के मंत्री के रूप में अपने कार्यों के साथ ही विद्यार्थी जीवन से लेकर उप मुख्यमंत्री तक के अपने सफर के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने राज्य में नगरीय निकायों और पंचायतों के आम निर्वाचन की तैयारियों की भी जानकारी दी।

# अफसरों के कंधों पर डीजीपी ने लगाए स्टार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




नवा रायपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को 21 सीनियर आईपीएस की स्टार सेरेमनी हुई। पांच डीआईजी प्रमोशन के बाद आईजी बने हैं और सात एसएसपी डीआईजी बनाए गए हैं। इसी तरह आई एसपी प्रमोट होकर एसएसपी बने हैं।

सभी अफसरों को डीजीपी अशोक जुनेजा ने स्टार लगाकर दी बधाई दी। ये हुए हैं प्रमोट- डीआईजी से आईजी - राम गोपाल गर्ग, दीपक झा, बालाजी राव, अभिषेक शांडिल्य, जितेंद्र सिंह मीणा, एसएसपी से डीआईजी- गोवर्धन राम ठाकुर, टीआर कोशिमा, लाल उमेंद सिंह, संतोष सिंह, अजातशत्रु बहादुर सिंह, इंदिरा कल्याण एलेसेला, प्रशांत ठाकुर, एसपी से एसएसपी- राजेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, शशिमोहन सिंह, रामकृष्ण साहू, राजेश कुकरेजा, आशुतोष सिंह, श्वेता राजमणि, विवेक शुक्ला।

# कांग्रेस संगठन में बदलाव के संकेत भूपेश और दीपक दिल्ली तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तारीखों का कभी भी ऐलान हो सकता है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर कांग्रेस और बीजेपी दोनों अपनी अपनी तैयारियों में जुट गई हैं। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों से पहले कांग्रेस संगठन में बदलाव की हलचल भी तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार संगठन में बदलाव और मजबूती को लेकर दिल्ली में बड़ी तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दिल्ली दरबार में तलब किया गया है।

सूत्र बताते हैं कि दिल्ली में एआईसीसी के कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम और संगठन को लेकर बैठक होनी है। बैठक में शामिल होने के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज दिल्ली रवाना हो गए हैं। मंगलवार दोपहर में दीपक बैज दिल्ली के लिए निकले हैं। आज ही देर शाम छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी दिल्ली रवाना हो गए। छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेताओं से उनकी मुलाकात होनी है।

### संगठन में बदलाव के संकेत

माना जा रहा है कि भाजपा ने प्रदेश स्तर पर संगठन में जिस तरीके से बदलाव किए हैं, जिन राजनीतिक और जातिगत समीकरण को ध्यान में रखकर जिलों को मजबूत किया है, कांग्रेस उस रणनीति से परेशान है। कांग्रेस निकाय चुनावों में अपनी रणनीति को और मजबूत बनाने के लिए संगठन में बदलाव कर सकती है। संभव है इस पर दिल्ली में चर्चा हो।

### एआईसीसी कार्यालय का उद्घाटन, पायलट से मुलाकात- बैज

दिल्ली दौरे को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा, एआईसीसी के कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने दिल्ली जा रहे हैं। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से मुलाक़ात कर निकाय चुनाव को लेकर चर्चा की जाएगी। कल तीन ज़िलाध्यक्षों की सूची आई है, जल्द ही पूरी तस्वीर साफ़ होगी।

### खाद्य औषधि प्रशासन में 33 पदों पर होगी भर्ती

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर खाद्य और औषधि प्रशासन के अधीन परीक्षण प्रयोगशालाओं में 33 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

## बिजनेस साइट

### ग्रामीण भारत : भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश अवसर



जवाहर मोटवानी
डायरेक्टर, मोटवानी फिनसर्व, रायपुर

**रायपुर।** ग्रामीण भारत तेजी से विकसित हो रहा है, कृषि पर निर्भर अर्थव्यवस्था से एक जीवंत, मल्टी-सेक्टर ग्रोथ इंजन में बदल रहा है। पिछले कुछ दशकों में, मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन और व्यापार जैसे क्षेत्रों ने कृषि पर अत्यधिक निर्भरता को कम करते हुए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी शुरू कर दी है। यह विविधीकरण, बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण सुधारों के साथ मिलकर ग्रामीण भारत को एक उभरते निवेश हॉटस्पॉट के रूप में स्थापित करता है।

लगभग 99 प्रतिशत ग्रामीण गांव अब सड़कों, बिजली और पुलों से जुड़े हुए हैं, जबकि मोबाइल पैठ और डिजिटल कनेक्टिविटी नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई है। इसने ग्रामीण भारत को शहरी बाजारों के करीब ला दिया है और व्यवसायों के लिए पहले से कम उपयोग किए जाने वाले बाजारों में प्रवेश करने के द्वार खोल दिए हैं। एफएमसीजी से लेकर ई-कॉमर्स तक विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां इस महत्वपूर्ण रूझान का लाभ उठा रही हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती खरीद शक्ति और विकसित हो रहे उपभोग पैटर्न से लाभान्वित हो रही हैं। बढ़ती साक्षरता दर और शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक बेहतर पहुँच के साथ, ग्रामीण भारत न केवल आकार में बढ़ रहा है, बल्कि आर्थिक क्षमता में भी बढ़ रहा है। प्रति व्यक्ति आय 2,000 डॉलर को पार कर गई है, जिससे लोगों की डिस्पोजेबल आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और ग्रामीण खपत को बढ़ावा मिला है। परिणामस्वरूप, अपनी इच्छा अनुसार खर्च का रूझान बढ़ रहा है, ग्रामीण खर्च में भी खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी घट रही है, जो कि गैर-आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च की ओर बदलाव का संकेत है।

यह बदलता आर्थिक परिदृश्य, आय के स्तर में लगातार वृद्धि के साथ मिलकर, एक दशक पहले शहरी भारत में देखी गई ट्राजेक्ट्री को दर्शाता है जब शहरी खपत में उछाल आया था। अब, भारत की दो-तिहाई आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, फिर भी सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 46 प्रतिशत योगदान देती है, ग्रामीण अर्थव्यवस्था एक आकर्षक निवेश अवसर प्रस्तुत करती है।

निवेशकों के लिए, ग्रामीण थीम भारत के समग्र विकास की लहर पर सवार होने का एक आशाजनक रास्ता प्रदान करती है। ग्रामीण विकास और उपभोग वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करने वाली म्यूचुअल फंड योजनाएं एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करती हैं। जैसे-जैसे बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर होता है और आय बढ़ती रहती है, ग्रामीण भारत भारत के आर्थिक भविष्य का एक महत्वपूर्ण चालक बनने के लिए तैयार है, जो इसे किसी भी निवेश पोर्टफोलियो के लिए एक आकर्षक जोड़ बनाता है।

इसके साथ ही, निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड की नई फंड ऑफर - आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल रूरल ऑपर्च्युनिटीज फंड पर विचार कर सकते हैं। ये न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 9 जनवरी, 2025 से 23 जनवरी, 2025 तक निवेश के लिए खुला है। यह ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम मुख्य रूप से ग्रामीण भारत के विकास और प्रगति से लाभान्वित होने वाले क्षेत्रों एवं कंपनियों में निवेश करने पर केंद्रित है।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा आवास विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में स्वतंत्र भवन क्रमांक एल.आई.जी. टाईप-1/77, को श्री अजय ध्रुव पिता श्री स्व. गोवर्धन ध्रुव एवं श्रीमती रजनी ध्रुव पति श्री अजय ध्रुव, के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 16.06.2017 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्री अजय ध्रुव पिता श्री स्व. गोवर्धन ध्रुव एवं श्रीमती रजनी ध्रुव पति श्री अजय ध्रुव, निवासीः- ग्राम व पोस्ट पोड तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री संतोष बंजारे पिता स्व. श्री रेस कुमार बंजारे, निवासीः- ग्राम गुजरा पोस्ट रीवा तह. आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवास विहार योजना आरंग जिला रायपुर में स्वतंत्र भवन क्रमांक एल.आई.जी. टाईप-1/77 के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर जिला - रायपुर (छ.ग.)**

### -: आम सूचना :-

दिनांक : 14/01/25

**वाके मौजा टिकरापारा प.ह.नं. 70 रानिमं रायपुर तहसील व जिला रायपुर भूमि खसरा नंबर 222/34 का रकबा 3000 वर्गफुट के संबंध मे**

सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता सुब्रत डे पिता स्व श्री सुकुमारचंद डे निवासी राजीव नगर रायपुर छ.ग. के स्वामित्व व आधिपत्य भूमि वाके मौजा टिकरापारा प.ह.नं 70 रा.निमं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में खसरा नबर 222/34 का रकबा 3000 वर्गफूट के संबंध में मेरे पक्षकार ने विक्रेता से खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना दे चुका हूं। केवल रजिस्ट्री होना शेष है।

उक्त सम्पत्ति पर जिस किसी भी संस्था, बैंक, साहूकार, शासकीय, अर्धशासकीय विभाग वित्तीय निकाय, आसपास के भूमि धारक इत्यादि को उक्त संव्यवहार के संबंध में कोई आपत्ति या दावा हो तो मेरी इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्तियों मय दस्तावेज के मेरे नीचे लिखे पते पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे, अन्यथा बाद गुजरने म्याद की गयी आपत्ति या दावा झूठा एवं गैरकानूनी माना व समझा जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर कतई बंधनकारी नहीं होगा। मेरा पक्षकार उक्त करारशुदा सम्पति की रजिस्ट्री करवाने हेतु स्वतंत्र हो जावेगा।

**सो सूचना जानिए।**

रायपुर छ.ग.
**भवदीय**
**राष्ट्रपाल वान्द्रे, अधिवक्ता**
**पताः- शिव चौक, पानी टंकी के पास डॉ. राजेन्द्र नगर रायपुर छ.ग.**
**मो.- 9131853108, 9301545436**

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

DELHI PUBLIC SCHOOL
NAVA RAIPUR ATAL NAGAR
Under the aegis of Delhi Public School Society, Delhi
DELHI PUBLIC SCHOOL NAVA RAIPUR
Driven by a legacy of excellence, true values, and beliefs.
ADMISSIONS OPEN 2025-26
From 15th January 2025
For Classes Nursery to VIII
Timing : 8:00 AM to 2:00 PM
Contact Details
Delhi Public School
Nava Raipur, Sector 15, Atal Nagar-492101
Mo.: 7970000134/131/130, Email : dpsatalnagar@gmail.com
Website: www.dpsnavaraipur.in

DELHI PUBLIC SCHOOL RAIPUR
Under the aegis of Delhi Public School Society, Delhi
ADMISSIONS OPEN
2025-26
Driven by a legacy of excellence, true values and beliefs.
From 15th January 2025
For Classes Nursery to I, II, VII to IX & XI
Timing : 8:00 AM to 2:00 PM
CONTACT DETAILS
DELHI PUBLIC SCHOOL, RAIPUR
Semariya, Baloda Bazar Road, Raipur-493111
Mobile : 8223039993/98/97, Email : dpsraipur@gmail.com
website : www.dpsraipur.in
No vacancies available for classes II, IV, V, VI, X & XII

### नए शहरों की फ्लाइट का इंतजार

रायपुर से काफी समय बाद नए शहरों के लिए सीधी विमान सेवा की शुरुआत नहीं की गई है। एयर इंडिया की वापसी से इसकी उम्मीदें लगाई जा रही हैं, मगर अब तक कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। अगले महीने तीसरी एयरलाइंस द्वारा झारसुगुड़ा की अपनी उड़ान शुरू किए जाने की संभावना है। कंपनी द्वारा इसका दिन तो तय किया गया है, मगर अब तक टाइम का शेड्यूल सामने नहीं आया है।

### प्रयागराज का एयर फेयर (ऑनलाइन)

- 15 जनवरी- 12 हजार में रवाना, 17 हजार में वापसी
- 16 जनवरी- 13 हजार में जाना, वापसी 17 हजार में
- 17 जनवरी- 15 हजार में रवाना, साढ़े 11 हजार में वापसी
- 18 जनवरी- 17 हजार में जाना, साढ़े 14 हजार में वापसी
- 19 जनवरी- 13 हजार में रवाना, 13 हजार में वापसी
- 20 जनवरी- 14 हजार में जाना, 13 हजार में वापस आना

*भीड़ के कारण दोनों ओर का किराया महंगा, देने पड़ रहे 10 से 17 हजार तक*

# महाकुंभ, दिल्ली-मुंबई से दोगुना हो चुका प्रयागराज का हवाई किराया, महाशिवरात्रि तक राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

महाकुंभ के दौरान गंगा में डुबकी लगाने वालों को इन दिनों प्रयागराज तक विमान में यात्रा करने के लिए दिल्ली-मुंबई से दोगुना किराया देना पड़ रहा है। कुंभ में शामिल होने जाने वालों की वजह से ट्रेन, बस और फ्लाइट फुल है, जिसकी वजह से फ्लाइट का किराया भी सामान्य से काफी अधिक हो चुका है। यात्रियों को दोनों ओर से सफर करने के लिए 10 से 17 हजार रुपए तक चुकाना पड़ रहा है।

महाकुंभ में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु छत्तीसगढ़ से प्रयागराज जा रहे हैं। इसकी वजह से उस ओर जाने वाले परिवहन के तमाम साधन पैक हो चुके हैं। रायपुर से प्रयागराज के लिए नियमित रूप से एक फ्लाइट का संचालन होता है, जो यह लंबा ▶▶ शेष पेज 14 पर



### हैदराबाद की सीटें बढ़ीं तो किराया कम

10 जनवरी से रायपुर से हैदराबाद के बीच सफर करने के लिए यात्रियों को चार उड़ान का विकल्प मिला है। हालांकि सभी फ्लाइट एक ही एयरलाइंस द्वारा संचालित की जा रही हैं, मगर सीटों की संख्या बढ़ने की वजह किराए में राहत मिल रही है। अभी स्वामी विवेकानंद रायपुर एयरपोर्ट से हैदराबाद के विमानतल तक फ्लाइट में सफर करने के लिए टिकट 48 से 5800 के बीच आसानी से मिल रहा है।



## खबर संक्षेप

### साढ़े चार किलो गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** कोतवाली पुलिस ने गांजा के साथ एक विक्रेता को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मारवाड़ी श्मशानघाट बूढ़ातालाब के पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रविराज पांडेय निवासी कैलाशपुरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक थैला बरामद किया, जिसमें 4 किलो 500 ग्राम गांजा मिला। जब्त गांजे की कीमत लगभग 45 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



### 130 पौवा देशी शराब के साथ कोचिया धरा गया

**रायपुर।** पंडरी पुलिस ने शराब के साथ एक कोचिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नरेंद्र रात्रे निवासी ग्राम सकरी थाना विधानसभा को मेनरोड मोवा स्थित कीया शोरूम के सामने से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 130 पौवा देशी शराब से भरा थैला बरामद किया, जिसे उसने अपनी दोपहिया गाड़ी में रखा हुआ था। जब्त शराब की कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है।



*लापरवाही पर हर बार मामूली जुर्माना, इस वजह से पेंट्रीकार में अवैध रूप से बन रहा खाना*

# दो बरस में 34 पेंट्रीकार स्टॉफ पर कार्रवाई फिर भी ट्रेन के किचन में धधक रहे चूल्हे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ट्रेनों के पेंट्रीकार में एलपीजी सिलेंडर और चूल्हा से खाना बनाने पर प्रतिबंध लगाने के बाद भी लगातार रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों में इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। बीते कुछ सालों में जितने भी पेंट्रीकार में आगजनी की घटनाएं हुई हैं, उसकी वजह एलपीजी सिलेंडर का इस्तेमाल देखने को मिला है। बोर्ड ने इसके इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन कार्रवाई में मामूल जुर्माना की वजह से पेंट्रीकार में यह लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। हरिभूमि ने जब इसकी पड़ताल की, तो पता चला 2024 में तीनों मंडलों में ''आपरेशन संरक्षा'' के तहत विशेष फायर सेफ्टी ड्राइव 10 से अधिक बार चलाया गया है, जिसमें हर बार आरपीएफ को ट्रेनों के पेंट्रीकार से एलपीजी सिलेंडर मिले हैं।

ज्यादातर शिकायत जोन की ट्रेनों में ही देखने को मिली है। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, आजाद हिंद एक्सप्रेस, नांदेड़-संतरागाछी एक्सप्रेस, हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेनों में लगातार लापरवाही देखने को मिली है। आरपीएफ के मुताबिक वर्ष 2023 में 14 और वर्ष 2024 में 20 पैंट्रीकार स्टाफ पर कार्रवाई की गई थी। इसके परिणामस्वरूप, संबंधित ट्रेनों के ठेकेदारों पर रेलवे बोर्ड और आईआरसीटीसी द्वारा जुर्माना लगाया गया। यह अभियान निरंतर जारी है।

## 2024 में मात्र 20 पेंट्रीकार स्टाफ पर कार्रवाई, हर बार जांच में मिली खामी

### पेंट्रीकार ठेकेदार और मैनेजर करते हैं मनमानी

लंबी दूरी की यात्रा के दौरान यात्री पेंट्रीकार में खानपान के लिए आर्डर देते हैं। पेंट्रीकार में गुणवत्तायुक्त भोजन व नाश्ता देने का प्रावधान है। इसके साथ बर्तन से लेकर पूरे पेंट्रीकार को हमेशा साफ-सुथरा भी रखना है। ऐसा नहीं कर पाना लापरवाही की श्रेणी में आता है। बावजूद इसके पेंट्रीकार ठेका संचालक व मैनेजर मनमानी करते हैं, जिस पर रोक लगाने के लिए रेलवे की टीम पेंट्रीकार की जांच करती है।



### पेंट्रीकार संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं

बीते कुछ वर्षों में जांच के दौरान आईआरसीटीसी के असफर की ओर से पेंट्रीकार संचालकों पर कठोर कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। इस वजह से कार्रवाई का असर भी देखने को नहीं मिल रहा है। ऐसे में बिलासपुर और रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों में आग लगने का खतरा है। बता दें कि ट्रेनों की पेंट्रीकार में खाना पकाना प्रतिबंधित है। इसीलिए संचालक इसमें गैस सिलिंडर, चूल्हा या अन्य कोई ज्वलनशील वस्तु नहीं रख सकता। यह नियमों का उल्लंघन है। हालांकि प्रतिबंध के बाद भी आदेश का पालन नहीं हो रहा है और पेंट्रीकार में चोरी-छिपे गैस सिलेंडर का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह ट्रेनों में आग लगने की सबसे बड़ी वजह है।

### 5 पेंट्रीकार प्रबंधकों पर कार्रवाई

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर द्वारा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तीनों मंडलों में ''आपरेशन संरक्षा'' के तहत विशेष फायर सेफ्टी ड्राइव चलाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अनाधिकृत रूप से उपयोग किए जा रहे एलपीजी सिलेंडर और हीटर जैसे ज्वलनशील उपकरण पाए गए। अभियान के अंतर्गत वर्ष 2025 के पहले सप्ताह में 5 पेंट्रीकार प्रबंधकों पर कार्रवाई करते हुए उनके खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 164 व 153 के तहत मामला दर्ज किया गया।

# दिन की लंबाई बढ़ने से ठंड में आएगी कमी, शहर का पारा अब दस डिग्री तक जाना मुश्किल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जनवरी का पहला पखवाड़ा बीतने के बाद दिन की लंबाई में बढ़ोतरी होने से ठंड में कमी आएगी। राजधानी का न्यूनतम तापमान अब दस डिग्री तक पहुंचना मुश्किल है। अभी मौसम में बदलाव होता रहेगा, मगर कड़ाके की ठंड की उम्मीद अब नहीं है। अभी तापमान सामान्य से ज्यादा है, मगर वातावरण में ठंडकता मौजूद है।

- मौसम में होता रहेगा बदलाव पर कड़ाके की ठंड की उम्मीद अब नहीं

प्रदेश में धीमे-धीमे ऋतु परिवर्तन होना शुरू होगा। राज्य में अभी औसत दिनों में आने वाली हवा की दिशा उत्तर-पूर्वी थी, जो धीरे से पूर्व-दक्षिण होगी जिससे उसमें मौजूद ठंडकता में कमी आएगी। विशेषज्ञों का कहना है कि अब दिन की लंबाई बढ़ेगी, जिससे सूर्य का प्रकाश अधिक समय तक धरती पर आएगा और औसत तापमान में बढ़ोतरी होने से ठंड में कमी आएगी। पश्चिमी विक्षोभ के ब्रेक के बाद मौसम में ठंडकता तो आएगी, मगर इससे मध्य हिस्से में कड़ाके की ठंड पड़ने और न्यूनतम तापमान के दस डिग्री तक ▶▶ शेष पेज 14 पर

### ईरान का विक्षोभ दिखा रहा असर

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार अभी ईरान और उसके आसपास बने पश्चिमी विक्षोभ की वजह बादल छाए हुए हैं। इससे हवा की दिशा में बदलाव होने की संभावना और न्यूनतम तापमान में अगले दो दिन तक तीन डिग्री तक वृद्धि होने के आसार हैं। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश का न्यूनतम तापमान जीपीएम में 6.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। अधिकतम तापमान दंतेवाड़ा में 30.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

# टाइम-टेबल की किचकिच... परीक्षा के 24 घंटे पहले रविवि ने फिर किया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि जो ना कर बैठे वो कम है। अब परीक्षा के ठीक एक दिन पहले टाइम टेबल परिवर्तन की सूचना विवि प्रबंधन द्वारा जारी की गई है। इस पर भी आश्चर्य यह कि उक्त परीक्षा पहले 6 जनवरी को होनी थी और अब 15 जनवरी होगी। पहली तिथि निकल जाने के बाद रविवि ने नई तिथि के एक दिन पहले अधिसूचना जारी की। इन बदलावों से और रविवि द्वारा मात्र कुछ घंटे पहले अधिसूचना जारी किए जाने से छात्रों संग महाविद्यालय प्रबंधन भी चकरा गए हैं।

- रविवि के अंतर्गत संचालित होने वाले एमएससी आईटी का मामला

दरअसल रविवि द्वारा गत वर्ष की तरह इस बार भी समय-सारिणी में कई बदलाव किए गए हैं। सर्वप्रथम जारी समय-सारिणी के अनुसार, एमएससी आईटी के अंतर्गत मोबाइल कम्यूनिकेशन की परीक्षा 6 जनवरी को आयोजित की जानी थी। बाद ▶▶ शेष पेज 14 पर



### बदले गए थे बीकॉम के पर्चे

इसके पूर्व रविवि ने बीकॉम की परीक्षा तिथियों में बदलाव किए थे। सीए और बीकॉम की परीक्षाएं एक ही दिन होने के कारण छात्रों और महाविद्यालय प्रबंधन ने इसका विरोध किया था। इसे देखते हुए विवि ने तारीखें बदली थी। इसके अतिरिक्त समय-परिवर्तन भी विवि प्रशासन द्वारा किया जा चुका है। पूर्व में सामान्य विषयों और जेनेरिक इलेक्टिव (वो विषय जो छात्र अपने संकाय से बाहर से चुनते हैं) विषयों का समय भिन्न-भिन्न तय किया गया था। छात्रों में निर्मित हो रही असमंजस की स्थिति को देखते हुए सभी विषयों का समय एक समान किया गया। सभी बदलावों की संशोधित समय-सारिणी रविवि ने महाविद्यालयों को प्रेषित करने के साथ ही अपने आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी है।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज

छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ

सीमित सीटे

उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स

- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स

काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604

चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)


# आटो एक्सपो आज से, चलेगा महीनेभर, खरीदी में टैक्स पर मिलेगी 50 फीसदी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में बुधवार 15 जनवरी से ऑटो एक्सपो की शुरुआत होगी। यह एक्सपो एक महीने तक 15 फरवरी तक चलेगा। एक्सपो में वाहन खरीदने पर छूट का प्रावधान है, लेकिन जरूरी ये भी है, यहां से गाड़ी खरीदने पर रायपुर आरटीओ में सात दिनों के भीतर रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

बताया गया है कि ऑटो एक्सपो में राज्य के वही व्यावसायी वाहन बेच सकते हैं, जिनके पास रायपुर आरटीओ से एक्सपो में वाहन विक्रय का प्रमाणपत्र हो। छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों के व्यवसायी एक्सपो में वाहन नहीं बेच ▶▶ शेष पेज 14 पर

### लाइफटाइम टैक्स पर 50 प्रतिशत की छूट

रायपुर में यह ऑटो एक्सपो सांइस कॉलेज मैदान पर लगाया जाएगा। रायपुर से वाहन बिकने के बाद पंजीयन चिन्ह आंवटन के लिए वाहनों इलेक्ट्रिक वाहनों को छोड़कर) के जीवनकाल कर (लाइफटाइम टैक्स) के भुगतान में, मोटर यान कर में एकमुश्त 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी, लेकिन इसके साथ ही कुछ शर्तें भी रखी गई हैं। खास बात ये हैं कि एक्सपो के विक्रय किए जाने वाले यानों का पंजीयन केवल क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय रायपुर में कराना अनिवार्य होगी। इसके लिए भी फीस अलग से तय की जाएगी।

# कलेक्टोरेट में बिना हेलमेट लगाए दोपहिया सवार कर्मचारियों की अब एंट्री नहीं, कार सवार के लिए सीट बेल्ट भी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी वासी यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। इसके लिए कलेक्टर गौरव सिंह ने मंगलवार को नया फरमान जारी किया है। यह फरमान सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए जारी किया है। इसके तहत अब कोई भी दोपहिया सवार सरकारी कर्मचारी बिना हेलमेट लगाए कलेक्टोरेट परिसर में दाखिल नहीं हो पाएगा और न ही किसी अधिकारी की कार सीट बेल्ट लगाए प्रवेश करेगी। कलेक्टर ने इसके निर्देश रेडक्रास सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए।

- कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

### एसपी ने भी दिए कार्रवाई के निर्देश

बैठक में वरिष्ठ एसपी लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि शहर के यातायात को सुव्यवस्थित करने के लिए सभी सामूहिक रूप से प्रयास करें। जो यातायात में बाधा पहुंचाए, उस पर कार्रवाई भी करें। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



### पहले दिन कई कर्मचारियों सहित आम लोगों के रोके गए वाहन

कलेक्टर के निर्देश के तहत पहले दिन ही बिना हेलमेट लगाए पहुंचने वाले कर्मचारियों की गाड़ियों को परिसर में प्रवेश देने से रोका गया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने उनकी गाड़ियों को मल्टीलेवल पार्किंग में पार्क कराया। इस दौरान आम लोगों को भी बिना हेलमेट के परिसर में वाहन प्रवेश करने से रोका गया।

### मेन गेट के पास ट्रैफिक पुलिस की टीम तैनात कर रही वाहन की जांच

कलेक्टर के निर्देश के तुरंत बाद कलेक्टोरेट के मुख्य गेट के पहले ट्रैफिक पुलिस की टीम को तैनात कर दिया गया है, जिसमें एक अधिकारी एवं एक कर्मचारी शामिल है। टीम सुबह 9.30 बजे से शाम 5.15 बजे तक यहां तैनात रहेगी और कलेक्टोरेट परिसर में प्रवेश करने वाली दोपहिया एवं चार पहिया गाड़ियों की जांच करेगी। टीम अधिकारी-कर्मचारियों की गाड़ियों को बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाए परिसर में प्रवेश करने से रोकेगी, साथ ही उन्हें जागरूक भी करेगी।

*दो साल बाद भी 48 करोड़ की योजना कागजों पर*

# हवा-हवाई होकर रह गया सिकलसेल का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सिकलसेल के करीब दो लाख मरीजों को उपचार की आधुनिक सुविधा देने और इस पर विभिन्न तरह के शोध के लिए बनाई गई सिकलसेल की सेंटर ऑफ एक्सीलेंस योजना दो साल बाद भी कागजों से बाहर नहीं निकल पाई है। लगभग तीन एकड़ में निर्माण की योजना कागजों से बाहर नहीं निकल पाई है। सिकलसेल संस्थान का संचालन मेडिकल कालेज भवन में हो रहा है, जहां मरीजों को ओपीडी में केवल दवा मिल पा रही है। संस्थान में लाखों रुपए की जांच मशीनें डंप हो ▶▶ शेष पेज 14 पर

- मेडिकल कालेज भवन में संचालन मरीजों को केवल ओपीडी में दवाई
- मरीजों को भर्ती करने की सुविधा नहीं, लाखों रुपए की जांच मशीनें डंप




### डे-केयर का पता नहीं

सिकलसेल संस्थान में आपात स्थिति वाले मरीजों के उपचार के लिए 4 बिस्तरों का डे केयर सेंटर खोला गया था जो काफी पहले बंद हो चुका है। यहां उपयोग की जाने वाली एचपीसीएल, वेरिएंट (एनबीएस) मशीन बंद हो चुकी है। आने वाले मरीजों की अगर जांच की आवश्यकता होती तो इसके लिए निजी लैब की मदद लेनी पड़ती है।

### मंत्री के निर्देश का असर नहीं

महीनेभर पहले स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सिकलसेल संस्थान के संचालक मंडल की बैठक लेकर लंबित कामों में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। इसमें सिकलसेल के मरीजों को बैक्टीरिया से लड़ने और एंटीबॉडी बनाने न्यूमोकोकल वैक्सीन लगाने के लिए एसओपी बनाने के निर्देश दिए थे, मगर इस पर भी काम शुरू नहीं हो पाया है। सिकलसेल से पीड़ित बच्चों के बोनमैरो ट्रांसप्लांट के संबंध में हाइड्राक्सी यूरिया के मध्यप्रदेश में उपयोग के संबंध में अध्ययन के लिए कमेटी बनाने का काम भी अब तक शुरू नहीं हो पाया है।




## खबर संक्षेप

### गुढ़ियारी में रक्तदान शिविर महिलाओं ने लिया भाग



**रायपुर।** समाजसेवी संस्था प्रमा फाउंडेशन द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर गुढ़ियारी क्षेत्र के अवधपुरी मैदान में गत दिनों लगाया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन स्वामी विवेकानंद जयंती एवं अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के अवसर पर किया गया। शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, खासकर महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया एवं कुल 110 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से हनुमान मंदिर ट्रस्ट गुढ़ियारी, सागर टीएमटी, श्रीराम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, लवकुश सेल्स, वचन डेयरी का विशेष सहयोग रहा। संस्था के अध्यक्ष मनीष कुमार धुरंधर ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छग राज्य महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा रहीं एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर जिला सहकारी बैंक मर्यादित के पूर्व अध्यक्ष पंकज शर्मा ने की।

### डूंडा के ब्वॉयज ग्रुप ने डांस में जीता गोल्ड मेडल



**रायपुर।** एक बार फिर रायपुर छत्तीसगढ़ के एच बॉयज ग्रुप ने छत्तीसगढ़ का नाम पूरे भारत देश में रोशन किया है। ग्रुप के युवाओं ने दूसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। जानकारी के मुताबिक, इंडियन हिपहॉप चैम्पियनशिप-2025 सीजन 13 मुंबई मलाड वेस्ट में आयोजित किया गया था, जिसमें उन्होंने एडल्ट डिवीजन (उम्र 18 से ऊपर) में भाग लिया और गोल्ड मेडल हासिल किया। ये सभी युवा रायपुर के डूंडा गांव के रहवासी हैं। उनके ग्रुप का नाम एच. बॉयज है। बजरंग दल डूंडा प्रमुख रूपनारायण साहू, खेलवान साहू, उनके साथी और छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के गोपी साहू, राकेश साहू, सतानंद साहू तथा बच्चों के परिजनों ने मिलकर गाजे-बाजे, आतिशबाजी से उनका भव्य स्वागत किया।

### बेसमेंट पार्किंग में कैंटीन डाइनिंग एरिया सील

**रायपुर।** वीआईपी रोड स्थित एसएमसी हॉस्पिटल के बेसमेंट पार्किंग में बिना अनुमति कैंटीन का संचालन किया जा रहा था। इसकी शिकायत प्राप्त होने के बाद डाइनिंग एरिया को सीलबंद कर दिया गया है। नगर निगम जोन-3 कमिश्नर विवेकानंद दुबे, सहायक अभियंता सुशील अहीर, रंजीत बारवा, अक्षय भारद्वाज सहित संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में डाइनिंग एरिया को सीलबंद करने की कड़ी कार्यवाही की गई। अस्पताल संचालक को पूर्व में कई बार नोटिस दिया जा चुका है। इसके बाद भी बेसमेंट पार्किंग में संचालित कैंटीन बंद नहीं की गई। इसके अलावा हॉस्पिटल द्वारा सड़क को सामने की ओर घेरकर बनाए गए रैंप को हटाने की भी कार्यवाही की गई है। सड़क पर रैम्प बनाए जाने से वहां लगातार सड़क यातायात बाधित हो रहा है।

## निधन

### भगवानदास हिरदानी

**रायपुर।** सिमरन सिटी संतोषी नगर निवासी भगवानदास हिरदानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 जनवरी को राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे रमेश हिरदानी के भाई और अंकित हिरदानी के पिता थे।



### तेज कुमार पांडेय

**रायपुर।** रायपुर निवासी तेज कुमार पाण्डेय बासीन वाले का 14 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे सुभाषिनी पांडेय के पति और तुषार, सौरभ, तुलिका पाण्डेय के पिता थे।



# प्रयागराज महाकुंभ में लोगों के आकर्षण का केंद्र बना छत्तीसगढ़ पैवेलियन

## छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और इतिहास को जानने के लिए उमड़ रही है लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और यहां का गौरवशाली इतिहास हर किसी को प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और मोदी की गारंटी के साथ तेजी से आगे बढ़ रहे छत्तीसगढ़ को जानने के लिए देश में हर कोई बेताब रहता है। इसकी बड़ी झलक प्रयागराज महाकुम्भ के दौरान छत्तीसगढ़ पैवेलियन में देखने को मिल रही है।

अलग खबर

प्रयागराज के सेक्टर 6 महाकुम्भ में लक्ष्मीद्वार के पास भारत सरकार के कलाग्राम के सामने छत्तीसगढ़ पैवेलियन स्थित है। इसके प्रवेश द्वार को छत्तीसगढ़ की पहचान गौर मुकुट का रूप दिया गया है, जो दूर से ही श्रद्धालुओं को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है। प्रवेश द्वार पर ही भारत के नियाग्रा कहे जाने वाले बस्तर के चित्रकोट जलप्रपात की तस्वीर लगी है। पैवेलियन के भीतर प्रवेश करते ही छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित की गयी है और प्रवेश द्वार के दाहिनी तरफ राज्य की चार ईष्ट देवियां मां महामाया, मां चंद्रहासिनी, मां दंतेश्वरी और मां बम्लेश्वरी की फोटो और उनकी जानकारी दी गयी है। पैवेलियन के भीतर प्रवेश करते ही बांयी तरफ छत्तीसगढ़ के जीवंत ग्रामीण परिवेश को दिखाया गया है। यहां पर परंपरागत ग्रामीण जीवन के साथ ही आदिवासी कला, संस्कृति, आभूषण, वस्त्र समेत एक संपूर्ण गांव का चित्रण किया गया है।



### शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी

छत्तीसगढ़ की प्रदर्शनी में प्रवेश करने के पहले बस्तर के ढोकरा शिल्प और राजकीय पशु तथा पक्षी को दर्शाया गया है। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ शासन की फ्लैगशिप योजनाओं विशेषतर मोर आवास मोर अधिकार, 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी योजना की जानकारी दर्शायी गयी है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक विरासत के रूप में सिरपुर और जैतखाम की प्रतिकृति को निर्मित किया गया है। स्थानीय लोग और देशभर से आए श्रद्धालु छत्तीसगढ़ को ज्यादा से ज्यादा करीब से जान पाएं, इसके लिए वर्चुअल रियेलिटी हेडसेट और डोम के भीतर 180 डिग्री वीडियो के माध्यम से शासन की योजनाओं और छत्तीसगढ़ राज्य की जानकारी साझा की जा रही है।

## हंगामे के कारण टीम को बैरंग लौटना पड़ा


# छत पर चढ़ा, खुद पर मिट्टी तेल उड़ेलकर आत्महत्या की धमकी, पत्नी ने भी घर में खुद को बंद कर किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर की आकाशवाणी स्थित उत्कल बस्ती में मकान खाली कराने पहुंची टीम के विरोध में पति-पत्नी ने आत्महत्या की धमकी देकर जमकर हंगामा किया। पत्नी घर के अंदर जाकर दरवाजा बंद कर आत्महत्या करने की धमकी देने लगी, वहीं उसका पति घर की छत पर चढ़ गया और खुद पर मिट्टी तेल उड़ेलकर आग लगाकर आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। पति-पत्नी दोनों करीब एक घंटे तक आत्महत्या की धमकी देकर हंगामा करते रहे, जिसके कारण टीम को भी बिना कार्रवाई किए बैरंग लौटना पड़ा। मकान खाली कराने पहुंची राजस्व टीम में शामिल तहसीलदार पवन कोसमा ने बताया कि प्राधिकृत अधिकारी के आदेश के तहत कब्जा खाली कराने टीम पहुंची थी, लेकिन पति-पत्नी के हंगामे के कारण कार्रवाई स्थगित करना पड़ा। इधर हंगामा करने वाले दंपति ने आरोप लगाया है कि मकान को उसके पिता पहले ही खरीद चुके हैं, लेकिन अब उसे खाली करने दबाव बनाया जा रहा है।

- प्राधिकृत अधिकारी के आदेश पर पुलिस बल के साथ मकान खाली कराने पहुंची थी राजस्व विभाग की टीम





**कार्रवाई स्थगित**

दंपति के आत्महत्या की धमकी देकर हंगामा करने और हाईकोर्ट में अर्जी लगाने की बात सुनने के बाद फिलहाल कार्रवाई को अस्थाई तौर पर स्थगित किया है। पता लगाया जाएगा, मामला हाईकोर्ट में है या नहीं। इसके बाद ही आगे कार्रवाई की जाएगी।

\- **पवन कोसमा,** तहसीलदार रायपुर

### दशरथ का कहना-उसके पिता ने बिना लिखा-पढ़ी के खरीदा था मकान

*दशरथ का कहना है कि जिस मकान को खाली करने कहा जा रहा है, उस मकान को उसके पिता स्व. शक्ति सोना ने दीपक के पिता हेमंत तांडी से अपने जीवित रहते हुए खरीद लिया था। इस मकान के एवज में उसके पिता ने बिना लिखा पढ़ी कराए रकम का भुगतान भी किया था। अब जब उसके पिता रहे नहीं, इसलिए दीपक मकान को हथियाना चाहता है। दशरथ ने आरोप भी लगाया है कि अधिकारी-कर्मचारी से सेटिंग कर उसने यह आदेश निकलवाया है, जिसके बाद उसने हाईकोर्ट में अर्जी लगाई है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि दस्तावेजों के आधार पर इस मामले में आदेश जारी किया गया है।*

### कई वर्षों से दोनों पक्षों के बीच मकान को लेकर चल रहा विवाद

पंचशीलनगर क्षेत्र के उत्कल नगर निवासी कपिल तांडी ने नजूल न्यायालय में प्रकरण दर्ज कराया था कि मोहल्ले में उसकी 18.55 वर्गफीट जमीन पर बने कच्चे मकान में दशरथ सोना व उसके परिवार ने कब्जा कर रखा है। इस प्रकरण में सुनवाई के बाद प्राधिकृत अधिकारी ने कपिल की शिकायत सही पाई, जिसके बाद वर्ष 2021-22 में घर को खाली कराने आदेश जारी किया था। इस आदेश का पालन कराने के लिए तहसील कार्यालय और सिविल लाइंस थाना पुलिस को पत्र लिखा गया था, जिसके बाद राजस्व विभाग टीम पुलिस बल के साथ मकान को खाली कराने मंगलवार दोपहर 12 बजे उत्कल नगर पहुंची। इधर टीम घर को खाली कराने की कार्रवाई शुरू कर पाती, उससे पहले घर में मौजूद दशरथ मिट्टी तेल से भरा डिब्बा और माचिस लेकर अपने कच्चे घर की छत पर चढ़ गया, वहीं उसकी पत्नी ने घर के अंदर जाकर दरवाजा बंद कर लिया और दोनों आत्महत्या करने की धमकी देने लगे। दशरथ खुद पर मिट्टी तेल उड़ेल कर आग लगाने की धमकी देकर कार्रवाई रोकने की मांग करने लगा। पति-पत्नी दोनों करीब एक घंटे तक इस तरह आत्महत्या का ड्रामा करते रहे। पति-पत्नी के इस हंगामे के बाद राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों ने दंपति को कार्रवाई नहीं करने का आश्वासन देकर किसी तरह समझाइश दी, जिसके बाद दोनों ने बातचीत करते हुए अधिकारियों को बताया कि इस मामले में उन्होंने हाईकोर्ट में अर्जी दे रखी है, जिस पर सुनवाई होनी है। अधिकारियों ने दंपति की बात सुनने के बाद कार्रवाई को फिलहाल रोक दिया है। अधिकारियों ने दंपति से हाईकोर्ट में लगाई गई अर्जी की पावती मांगी है, जिसे देखने के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अपहरण के बाद मारपीट से गंभीर घायल यश की अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा में रहने वाले एक युवक का अपहरण कर उससे जमकर मारपीट की गई। घायल युवक ने 3 महीने जिंदगी और मौत की जंग लड़ते हुए मे का हा रा अस्पताल में इलाज के दौरान आखिरकार दम तोड़ दिया।

- तेलीबांधा निवासी यश शर्मा 3 माह से लड़ रहा था जिंदगी की जंग

विगत वर्ष 13 अक्टूबर को 4 दबंगों ने तेलीबांधा से अपहरण कर यश शर्मा को शगुन फार्म्स में दो दिन तक बंधक बनाकर उसके साथ जमकर मारपीट की थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में तुषार पाहुजा, तुषार पंजवानी, चिराग पंजवानी और यश खेमानी पर अपहरण एवं मारपीट करने का आरोप लगा था। अस्पताल में मंगलवार को यश शर्मा ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार हैं। इस मामले में राजेंद्र नगर थाने में हत्या के प्रयास की धाराओं के तहत मामला दर्ज है।



### सिंधी समाज ने किया थाने का घेराव

*यश शर्मा का अपहरण कर मारपीट करने वाले फरार आरोपियों को पकड़ने की मांग की गई थी। इधर इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों और सिंधी समाजजनों ने थाने का घेराव कर आक्रोश जताया और जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की।*

### थोक सब्जी बाजार से हटाए गए ठेले

**रायपुर।** डुमरतराई सब्जी मार्केट में सड़क पर लगाए गए अवैध ठेले और गुमटियां हटाई गई हैं। इसके पश्चात सफाई अभियान चलाया गया। नगर निगम जोन-10 कमिश्नर राकेश शर्मा, अभियंता दिनेश सिन्हा, उप अभियंता रविप्रभात साहू की उपस्थिति में नगर निवेश उड़नदस्ता द्वारा यह कार्रवाई की गई। भविष्य में अवैध ठेले और गुमटियां ना लगाने और सफाई व्यवस्था बनाए रखने की समझाइश दी गई।



# छत्तीसगढ़ में अब तक साढ़े 22 लाख किसानों ने बेचा धान, पौने पांच लाख किसान बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले साल 14 नवंबर से शुरू हुई न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बाद अब तक राज्यभर में करीब साढ़े 22 लाख किसान अपने हिस्से का धान बेच चुके हैं। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 27 लाख 78 हजार किसानों का पंजीयन हुआ है। इस हिसाब से अभी करीब पौने पांच लाख किसानों का धान बिकना बाकी है। प्रदेश में अब तक 1 लाख 21 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदा जा चुका है, जबकि सरकार ने 160 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का लक्ष्य रखा है।

राज्य में खरीफ वर्ष 2024-25 के लिए धान खरीदी के समय आई कुछ बाधाओं के बावजूद सरकार के प्रयासों से किसानों को धान बेचने में अब तक किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा है। खरीदी शुरु होने के समय से राज्य के मिलरों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार से असहयोग शुरु किया था। मिलर उपार्जन केंद्रों से धान उठाने को तैयार नहीं थे। सरकार ने इस समस्या को सुलझान के लिए राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लेकर निराकरण करवाया। इसके साथ ही खरीदी से संबंधित सोसायटी के कर्मी अपनी मांगों को लेकर आंदोलित थे, लेकिन सरकार ने इसका भी हल निकाल लिया। यही नहीं जब खरीदी केंद्रों से धान का उठाव न होने पर खरीदी प्रभावित होने की स्थिति बनी तो इसे भी सरकार ने संभाल लिया। कुल मिलाकर अब नतीजा ये सामने है कि धान खरीदी निर्बाध चल रही है।



- 11 जिलों में 1 लाख से अधिक किसानों ने बेचा है
- अब तक 1.21 लाख मीट्रिक टन से अधिक खरीदी

### एक तिहाई जिलों में एक लाख से अधिक ने बेचा

*छत्तीसगढ़ में इस समय राज्य के सभी 33 जिलों में धान खरीदी चल रही। इस खरीदी के लिए कुल 2 हजार 739 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। खरीदी शुरु होने के बाद से लेकर अब तक राज्य के एक तिहाई यानी 11 जिलों में एक लाख से अधिक किसान अपना धान बेच चुके हैं। इन जिलों में बिलासपुर, जाजंगीर चांपा, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, धमतरी, महासमुंद, और रायपुर शामिल है। इसके अलावा कुछ अन्य जिलों में 80 हजार या उससे अधिक किसानों ने धान बेचा है। इनमें कांकेर, मुंगेली, दुर्ग, जिले हैं। खास बात ये है कि ये सभी धान उत्पादक जिले हैं। राज्य में बस्तर संभाग के जिले और सरगुजा संभाग के जिलों में मैदानी इलाकों के मुकाबले कम धान पैदा होता है।*

# छत्तीसगढ़ में चिटफंड पार्ट-2, हजारों करोड़ की लूट पर सरकार मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका को गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा प्रदेश की हजारों गरीब महिलाओं एवं शिक्षित बेरोजगारों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की राशि वापस करने एवं निवेश के नाम पर बैंकों से दिलवाए गए ऋण को माफ करने के संबंध में पत्र लिखा है।

- राज्यपाल को नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने लिखा पत्र

नेता प्रतिपक्ष ने कहा, भाजपा राज में यह चिटफंड पार्ट 2 है। भाजपा की पिछली सरकार में भी प्रदेश के आम गरीब जनों के करोड़ों रुपए चिटफंड के नाम पर लूटे गए थे जिसे कांग्रेस की सरकार ने कुछ हद तक गरीबों के रुपये लौटाने का कार्य किया था। वर्ष 2023 में भाजपा की सरकार बनते ही फिर से चिटफंड कंपनियां सक्रिय हो गई हैं। गरीब, पढ़े लिखें युवा महिलाओं से मात्र 1 वर्ष में ही हजारों करोड़ों की धोखाधड़ी हो गयी है। लूटी गयी जनता परेशान है, भाजपा सरकार मौन है।



### ठगी को दिया अंजाम

*डॉ महंत ने संविधान का भी हवाला दिया है और कहा है कि समाज के दुर्बल तबके का ध्यान रखना सरकार की जिम्मेदारी है। ठगी करने वाली कंपनी ने पहले महिलाओं को लोन दिलवाया और लोन के कुछ किस्त भी चुकाए। ताकि उनका सिबील अच्छा बन जाए और इस तरह से बार-बार लोन दिलवाकर ठगी को अंजाम दिया गया है।*

### लोन दिलवाकर कंपनियों में निवेश कराने ठगी

नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने कहा, प्रदेश में गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं शिक्षित बेरोजगारों को निजी बैंको से लोन दिलाने और ऋण की राशि को अपनी कम्पनियों में निवेश करवाने के नाम पर कोरबा, जांजगीर, बालोद सहित 10-12 जिलो की लगभग 40 हजार महिलाओं एवं शिक्षित बेरोजगारों से हजारों करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कोरबा की फ्लोरामेक्स कम्पनी और बालोद की सप्तऋषि संस्थान व अन्य गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा महिलाओं को भरोसा भी दिलाया गया था कि लोन की किश्त की राशि कम्पनी द्वारा भुगतान की जाएगी।महिलाओं के नाम 11 निजी क्षेत्र के बैंकों से ज्यादा राशि का लोन लेकर कम्पनी मे इन्वेस्ट करवाया गया तथा कम्पनियों के कार्यालय बंद कर कम्पनी संचालक फरार हो गए है। बैंको से ऋण जमा करने हेतु लोन धारक महिलाओं को लगातार नोटिस दिया जा रहा है।

## पेज 13 का शेष

### महाकुंभ, दिल्ली-मुंबई से...

सफर डेढ़ घंटे में पूरा करती है। एक से दो दिन के भीतर महाकुंभ की यात्रा पूरी करने वाले फ्लाइट का सहारा ले रहे हैं, जिसकी वजह से कुंभ की पूरी अवधि के दौरान फ्लाइट का किराया सामान्य से काफी अधिक है। अजय ट्रैवल्स के संचालक रमन जादवानी के मुताबिक रायपुर के साथ देश के अन्य शहरों से भी प्रयागराज जाने वाली फ्लाइट का किराया दो से तीन गुना तक महंगा है। प्रयागराज को छोड़ दिया जाए, तो शेष शहरों का किराया अपनी सामान्य स्थिति में है। दिल्ली और मुंबई का सफर करने के लिए यात्रियों को चौबीस घंटे पहले का टिकट छह से साढ़े सात हजार में आसानी से मिल रहे हैं। प्रयागराज जाने अथवा आने के लिए हवाई यात्रियों को अगले सवा महीने तक दस से सत्रह हजार रुपए खर्च करना होगा। महाशिवरात्रि यानी 25 फरवरी के बाद वहां का किराया छह से सात हजार में आसानी से उपलब्ध है।

### दिन की लंबाई बढ़ने...

पहुंचने की उम्मीद काफी कम है। उत्तर और दक्षिणी हिस्से में ठंड अपना असर दिखा सकती है और वहां शीतलहर की स्थिति कुछ दिनों तक रह सकती है। अभी लगातार उतार-चढ़ाव के बाद भी वातावरण शुष्क होने के वजह से ठंड महसूस हो रही है। राजधानी में रात और दिन का तापमान सामान्य स्थिति में रहा मगर दिनभर ठंड महसूस होती रही।

### आटो एक्सपो आज...

सकते। राज्य के व्यापारी जो यहां गाड़ी बेचना चाहते हैं, उन्हें रायपुर आरटीओ को फीस देकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। राज्य सरकार के परिवहन विभाग ने ऑटो एक्सपो के लिए नियम बनाए हैं।

**रायपुर में कराना होगा रजिस्ट्रेशन, सात दिनों में-** परिवहन विभाग ने एक्सपो के लिए जो शर्तें रखीं है उसमें कहा गया है कि ऑटो एक्सपो में विक्रय किए जाने वाले हर वाहन के जीवन काल का भुगतान एक्सपो अवधि में एकमुश्त किया जाएगा। यदि कर का भुगतान एक्सपो अवधि के बाद किया जाता है तो कर में छूट नहीं दी जाएगी। यदि एक्सपो में विक्रय तिथि से पंजीयन के लिए पूर्ण दस्तावेज 7 दिनों के भीतर प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं तो कर में छूट की पात्रता नहीं होगी। इस वजह से कर में अंतर की राशि, शास्ति एवं ब्याज देना होगा।

**ऐसे होगी टैक्स की गणना-** एक्सपो में बिकने वाले वाहनों पर लगने वाले टैक्स की गणना वाहन निर्माता द्वारा निर्धारित मूल्य पर की जाएगी। जिसमें निर्माण लागत और विभिन्न कर एवं उस पर लागू उपकर शामिल होंगे। व्यावसायी द्वारा दिए गए नकद या व्यावसायिक छूट में कर भुगतान की छूट शामिल नहीं होगी। जो व्यावसायी एक्सपो में शामिल होंगे उन्हें एक्सपो में बेचे जाने वाले स्टॉक की सूची परिवहन आयुक्त कार्यालय को देनी होगी। इसके सात ही बिक्री के बाद वाहनों का ऑटो एक्सपो स्थल में डिलीवरी के पहले भौतिक सत्यापन करना अनिवार्य होगा।

### टाइम-टेबल की किचकिच...

में इसमें बदलाव करते हुए यह परीक्षा 15 जनवरी को निर्धारित की गई। लेकिन तिथि परिवर्तन के दौरान जो अधिसूचना जारी की गई उसमें तारीख के साथ विषय भी परिवर्तित कर दिया गया। विवि ने टाइम-टेबल परिवर्तन की सूचना में 6 जनवरी को होने वाली परीक्षा 15 जनवरी को होने की सूचना जारी की। इसमें मोबाइल कम्यूनिकेशन विषय का उल्लेख किया जाना था। परंतु विवि द्वारा वायरलेस नेटवर्क एंड कम्यूनिकेशन संशोधिक अधिसूचना में लिख दिया। अब इसमें परीक्षा के एक दिन पूर्व अर्थात 14 जनवरी को सुधार करते हुए पुनः समय-सारिणी जारी की गई है।

### हवा-हवाई होकर रह...

चुकी हैं। प्रदेश में सिकलसेल मरीजों की पहचान के लिए सवा करोड़ से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। इनमें मरीजों की संख्या साढ़े 15 हजार के आसपास है और सिकलसेल वाहकों की संख्या लगभग दो लाख है। सिकलसेल प्रभावितों को उपचार की आधुनिक सुविधा दिलाने और इस क्षेत्र में विभिन्न अनुसंधान को ध्यान में रखते हुए रायपुर के सिकलसेल संस्थान को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की योजना दो साल पहले बनाई गई थी। 48 करोड़ की लागत से रायपुर के संस्थान का उन्नयन कर 100 बेड के वार्ड, आईसीयू, ऑपरेशन थियेटर, आपात चिकित्सा और मेल-फीमेल और बच्चा वार्ड बनाने की योजना बनाई गई थी। काफी समय बीतने के बाद भी संस्थान के निर्माण की योजना कागजों से बाहर नहीं निकल पाई है। भवन के लिए लगातार ड्राइंग डिजाइन में बदलाव किया जा रहा है। इस चक्कर में संस्थान वन विभाग से मेडिकल कालेज के भवन में शिफ्ट हो चुका है। उधार के भवन सिकलसेल संस्थान में आने वाले मरीजों को केवल ओपीडी में दवाएं मिल पा रही हैं, क्योंकि यहां की जांच की मशीनें काफी समय से डंप हो चुकी हैं।

### यादव ठेठवार समाज के परिचय सम्मेलन में शामिल हुए मूणत




**रायपुर।** यादव ठेठवार समाज रायपुर महानगर का वार्षिक अधिवेशन एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन राज मुख्यालय महादेवघाट रायपुरा में हुआ। भगवान श्रीकृष्ण के चित्र का तिलक, चंदन, पूजा, आरती कर एवं बालिकाओं के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। विवाहयोग्य युवक-युवती का फॉर्म संकलन किया गया, जिसमें लगभग 130 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें 11 विधवा, विधुर, परित्यक्ता ने भी अपना परिचय दिया। इस दौरान विधायक राजेश मूणत ने कहा कि सबसे ऊपर मनुष्य जीवन है, एक-दूसरे के काम आएं, भाईचारा बना रहे, छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करते रहें। इससे बड़ा कोई काम नहीं। उन्होंने समाज को 15 लाख देने का घोषणा की। यादव ठेठवार महासभा प्रदेश अध्यक्ष गुलेंद्र यादव, रायपुर राज अध्यक्ष संतोष यदु, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष परमानंद यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ललिता यादव, जोन अध्यक्ष निशा देवेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनीष यदु एवं रवि संतु ने किया। आभार रायपुर महानगर अध्यक्ष हरिराम यदु ने व्यक्त किया।

### गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ डॉ. मिश्रा का नाम



**रायपुर।** विगत 33 वर्षों से हर वर्ष दीपावली एवं होली त्योहार के समय निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन अपने नयापारा, फूल चौक स्थित अस्पताल में लगातार करने के कारण गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने अपने आप में अद्वितीय जनसेवा का कार्य मानते हुए इस कार्य के लिए प्रसिद्ध वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया है। इस रिकॉर्ड के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने डॉ. मिश्रा को संस्था द्वारा जारी पदक व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था की छत्तीसगढ़ हेड सोनल राजेश शर्मा तथा विधानसभा अध्यक्ष के सचिव विक्रम सिसोदिया सहित अन्य नागरिक भी उपस्थित थे। इस मौके पर डॉ. रमन ने कहा कि डॉ. दिनेश मिश्र द्वारा काफी लंबे समय से समाजसेवा का कार्य किया जा रहा है। निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविरों के अलावा अंधविश्वास उन्मूलन और टोनही प्रताड़ति महिलाओं के पुनर्वास के लिए उनके द्वारा बहुत सराहनीय कार्य किए गए हैं। इसी दौरान संस्था की छत्तीसगढ़ प्रमुख श्रीमती शर्मा ने कहा कि डॉ. दिनेश मिश्र ने पिछले 33 वर्षों में हर वर्ष दीपावली व होली में निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किए। डॉ. मिश्र ने अपनी गुणवत्तापूर्ण सेवाओं से विश्वसनीय मदद प्रदान करते हुए मानवता की बड़ी सेवा की है। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने डॉ. मिश्र को पदक, प्रमाण पत्रदेकर सम्मानित किया एवं उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

Affl. to CBSE New Delhi (Affl. No. 3330020)

# Gyan Ganga Educational Academy

Estd. 1992 GYAN GANGA EDUCATIONAL ACADEMY

GLORIOUS PAST OF 33 YEARS... 33 Years

## ACADEMICS
- Highly Qualified & Experienced Faculties.
- Tutorial Plans & Doubt Clearance Sessions.
- Subject & Concept Strengthening Plans.
- Exclusive Preparation for NEET, JEE, CA, CS & Law.

## ACTIVITY
- Art, Craft & Music Studio,
- Career Counselling seminars & Workshops.
- Language & Maths Lab.
- Life Skill.
- Environmental Sustainability Initiatives

## DISCIPLINE
- NCC, Army & Air Wing
- Personal Care.
- Weekly Review Per Kid.
- Inculcation of values and cultural standards.



## SPORTS
- 5 Acres Sports Complex.
- Separate Games.
- Separate Coaches.
- Active participation in Inter-School, State & National Sports tournaments.

## INFRA
- Lush Green Campus.
- AC Buses
- Canteen
- AC Hostel for Boys & Girls.

## 21ST CENTURY SKILLS
- AI and Robotics
- Digital Classrooms with 75" Android panel.




## Gyan Ganga Educational Academy

Vidhan Sabha Marg, Nardaha, RAIPUR - (C.G.)

0771-2284716, 2284816

www.gyangangaraipur.com gyangangaraipur@yahoo.co.in

In The Cause Of Excellence In Education

PLAY LEARN GROW

sumit

## खबर संक्षेप



### खल्लारी माता मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान

**रायपुर**। रोटरी क्लब ग्रेटर रायपुर और ग्रीन संरक्षरम पीपल फाउंडेशन की ओर से दो दिवसीय 11 से 12 जनवरी तक खल्लारी माता मंदिर और उसके आसपास के पहाड़ों पर सफाई तथा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में 60 से अधिक स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और श्रमदान करते हुए लगभग 550 कचरा बैग एकत्रित किए। साथ ही रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर द्वारा 12 जनवरी को मंदिर परिसर स्थित मंगल भवन में सीता मेमोरियल डेंटल क्लीनिक एवं एमजीएम हॉस्पिटल के साथ मिलकर निशुल्क दंत चिकित्सा व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान में डॉ. पंकज चोपड़ा, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, एसके अग्रवाल, अंकित, डॉ. जितेंद्र सराफ, रितेश जिंदल, अजय तिवारी, खल्लारी माता मंदिर समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार त्रिवेदी, सुरेश कुमार चंद्राकर, शशिकांत गुप्ता, आशुतोष यादव आदि उपस्थित रहे।

### कार की टक्कर से पलटा ई-रिक्शा, नीचे दबी महिला, मौत



**रायपुर**। राजधानी रायपुर के गौरव पथ मार्ग एसआरपी चौक के पास मंगलवार को एक अनियंत्रित कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलट कर एक बुजुर्ग महिला पर जा गिरा, जिसके नीचे दबने से उसे गंभीर चोटें आईं। उसे अस्पताल में दाखिल किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसके फूटेज के आधार पर पुलिस ने इस मामले में कार और ई-रिक्शा चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर के समय रत्ना दास नामक बुजुर्ग महिला एसआरपी चौक को पैदल क्रास कर रही थी।

# ढाई माह में 24108 राशन कार्ड निरस्त, इनमें 362 में मुखिया की मृत्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राशन कार्ड धारकों का ई-केवाइसी एवं नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत पिछले ढाई महीने में जिले में 24108 राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं। इन कार्डों को निरस्त किए जाने के अलग-अलग कारण हैं। इनमें 362 कार्ड ऐसे हैं, जिनके मुखिया की मृत्यु हो चुकी है, वहीं 2544 कार्ड को डीलिट किया गया है। 447 कार्डों के मुखिया ने अपने कार्ड की त्रुटि सुधारने के लिए संशोधन कराया है। इसके अलावा 13 ने रिस्टोर, कई राज्य छोड़ चुके हैं, तो कईयों ने राशन लेना ही बंद कर दिया है। इसके अलावा भी अन्य कार्ड निरस्त किए जाने के कई कारण हैं। हालांकि निरस्त किए गए कार्डों में त्रुटि सुधार, मुखिया की मृत्यु के बाद उसके परिजन के नाम, रीस्टोर किए गए कार्ड सहित 9307 नए कार्ड भी बनाए गए हैं। जिला खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में नवंबर 2024 को 10091 कार्ड निरस्त किए गए हैं। इनमें मुखिया की मृत्यु के 174, संशोधन के 146, डिलीट किए गए 1247 एवं 4 रिस्टोर किए गए हैं। इसी प्रकार दिसंबर 2024 में 10766 कार्ड निरस्त किए गए हैं, जिनमें मृत्यु के 160, संशोधन के 247, डीलिट किए गए 1010 एवं रीस्टोर के 7 प्रकरण हैं। इसी प्रकार जनवरी 2025 में 1 से 13 तारीख तक की स्थिति में मृत्यु के 28, संशोधन के 49, डिलीट के 287 एवं 2 कार्ड रिस्टोर किए गए हैं। इस तरह करीबन ढाई माह में 24108 कार्ड निरस्त किए गए हैं।

## 9307 नए कार्ड भी बने, जिनमें 11294 सदस्य शामिल

### 11294 सदस्यों के साथ 9307 नए कार्ड भी बने

जिले में एक ओर जहां ढाई माह में 24108 कार्ड निरस्त किए गए हैं, वहीं 9307 नए कार्ड भी बनाए गए है। नए कार्ड में मुखिया की मृत्यु, त्रुटि सुधार तथा रिस्टोर किए गए कार्ड भी शामिल है। इन कार्डों को निरस्त किए जाने के बाद उनके पुनः नए कार्ड बनाए गए है। नए बनाए गए कार्डों में बीपीएल के 8154 एवं एपीएल के 1153 कार्ड शामिल हैं।



### मांगी गई है रिपोर्ट

जिले में अभी भी 3 लाख से अधिक राशन कार्ड सदस्यों ने ईकेवाइसी नहीं कराया है, इनमें कई मुखिया भी शामिल हैं। इन कार्डों के मुखिया एवं सदस्यों द्वारा केवाइसी नहीं कराने पर सभी राशन दुकान संचालकों से पंजीकृत राशन कार्ड की रिपोर्ट मांगी गई है। इसके आधार पर मृत्यु हो चुके, मुखिया व सदस्यों के नाम के साथ राज्य छोड़कर जा चुके धारकों के राशन कार्ड निरस्त किए जा रहे हैं। कई धारक त्रुटि सुधार, सदस्यों के नाम हटाने और रिस्टोर भी करा रहे हैं, जिसके कार्ड निरस्त कर फिर से नए बनाए जा रहे हैं।

\- **भूपेंद्र मिश्रा**, खाद्य नियंत्रक रायपुर

## 21 में 17 कंडम, 4 ठीक फिर भी चल नहीं रहीं

# 67 बसों का 5 साल संचालन करने हुआ था टेंडर, ढाई साल से 46 ही चल रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर शहर के साथ आसपास लगे कई रूट के साथ एयरपोर्ट माना से भिलाई-दुर्ग तक संचालन के लिए नगर निगम रायपुर ने करीब ढाई साल पहले एसी और नान एसी मिलाकर पुरानी 67 सिटी बसों की मरम्मत कराकर उसका संचालन करने का ठेका मनीष जैन एजेंसी को दिया है। ठेका के अनुसार एजेंसी को सभी बसों की मरम्मत करा कर संचालन किया जाना था, लेकिन पिछले ढाई वर्ष से एजेंसी सिर्फ 46 बसों का ही संचालन करा रही है, जबकि 21 बसें अब तक शुरू नहीं हो पाई हैं। जो बसें शुरू नहीं की गई हैं, उनमें 17 बसें डिपो में खड़ी-खड़ी पूरी तरह से कंडम हो चुकी हैं, वहीं शेष 4 बसों की मरम्मत कराई गई है, लेकिन भिलाई-दुर्ग यात्री बस संघ के विरोध के कारण ये बसें भी शुरू नहीं हो पाई हैं। इधर जितनी बसें शुरू नहीं हो पाई हैं, उनमें 12 एसीयुक्त 12 मीटर की बसें हैं, जिसके शुरू नहीं होने से यात्रियों को भी निजी बसों में अधिक भाड़ा देकर सफर करना पड़ रहा है।





### तत्पर बस सेवा की 33 बसों में 14 संचालित

*रायपुर से नया रायपुर के बीच चलने वाली तत्पर बस सेवा की 33 बसों में 14 बसें ही संचालित की जा रही हैं। इसके कारण रायपुर से नवा रायपुर आने-जाने वाले यात्रियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बसों के कम चलने के कारण यात्रियों को करीब 40 मिनट तक बस स्टॉपेजों में बस आने का इंतजार करना पड़ रहा है, जबकि शुरूआत में सभी बसों के चलने से हर 15 मिनट में स्टॉपेज में बस यात्रियों को मिल जाती थी। जिस एजेंसी को इसका ठेका दिया गया है, उसके द्वारा पिछले करीब ढाई साल से करीब 14 बसें ही संचालित की जा रही है।*

### 17 कंडम बसों की नीलामी का आदेश करना पड़ा कैंसिल

*पंडरी डिपो में खड़ी-खड़ी 17 ऐसीयुक्त 12 मीटर की बसें खड़ी-खड़ी कंडम हो गई हैं, जिसके कारण इन बसों की नीलामी का आदेश भी जारी किया गया था, लेकिन बाद में इस निर्देश को निरस्त करना पड़ा था। निरस्त करने की वजह यह बताई गई थी कि आरडीयूपीएसएस की कोई भी बस जब तक 15 साल तक चले नहीं उसे कंडम माना नहीं जाएगा, जबकि इसके संचालन की अवधि 15 साल तक होती है। ऐसे में जिन बसों की नीलामी का आदेश जारी हुआ था, उन बसों को चले 5 साल भी हुए नहीं थे।*

### जुलाई 2022 में ठेका, शुरुआत में 36 संचालित, एक साल बाद बढ़ी और 10 बसें

*नगर निगम रायपुर ने 67 सिटी बसों के संचालन के लिए दुर्ग की एजेंसी से जुलाई 2022 में अनुबंध किया था। इस अनुबंध के तहत एजेंसी को 1 करोड़ 24 लाख रुपए में सभी बसों की मरम्मत कराकर 45 दिनों के भीतर संचालन शुरू कराना था, लेकिन एजेंसी ने समय-सीमा के भीतर सिर्फ 36 बसों की ही मरम्मत करा पाई थी, जिसका संचालन भी विलंब से शुरू किया गया था। इस तरह करीब सालभर तक एजेंसी द्वारा 36 बसों का ही संचालन किया जा रहा था।*

### कलेक्टर ने संज्ञान में लेकर जारी कराया था नोटिस

*कलेक्टर गौरव सिंह ने एजेंसी द्वारा 36 बसों के संचालन कराने के मामले को संज्ञान में लेते हुए बस ऑपरेटर पर सख्ती बरतने के निर्देश निगम को दिए थे। इसके तहत उन्होंने कलेक्टोरेट में बैठक लेकर निगम अधिकारियों को बस ऑपरेटर को नोटिस जारी कर शेष बसों को भी एक माह के भीतर संचालित करने कहा था। बस ऑपरेटर ने इसके बाद आनन-फानन में 10 बसों का संचालन शुरू भी कराया, जिसके बाद संचालित बसों की संख्या 46 हुई थी। इसके बाद से 46 बसों का ही संचालन किया जा रहा है।*

### प्रशासन को नुकसान नहीं

जिस एजेंसी को 67 बसों का ठेका दिया है, उसके द्वारा 46 बसें संचालित की जा रही हैं। 12 मीटर की 4 बसें ठीक हैं, लेकिन दुर्ग बस संघ के विरोध के कारण शुरू नहीं हो पाई है। शेष 17 बसें कंडम हो चुकी हैं। इस कारण शुरू नहीं हो पाई हैं। इससे प्रशासन को नुकसान नहीं है, क्योंकि एजेंसी से सभी 67 बसों की रायल्टी ली जा रही है।

\- **अविनाश मिश्रा**, कमिश्नर, नगर निगम रायपुर


### पार्ट्स निकालकर दूसरी बसों में लगाए

निगम ने जिस बस ऑपरेटर को ठेका दिया है, उसके द्वारा वर्तमान में 30 से कम बसें संचालित की जा रही हैं। जो बसें कंडम हो चुकीं, उनके पार्ट्स निकाल कर दूसरी बसों की मरम्मत कराई गई है।

\- **सैयद अली**, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ रायपुर

# उपभोक्ताओं के लिए पॉवर कंपनी का वॉट्सएप में बिजली मितान बॉट ग्रुप





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किए गए सुशासन के आव्हान से प्रेरित होकर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ता सेवाओं में विस्तार करते हुए 'बिजली मितान बॉट' की सुविधा प्रदेश के लगभग 64 लाख उपभोक्ताओं के लिए प्रारंभ की गई है। वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर ने कहा, नई सुविधा से उपभोक्ताओं को बहुत लाभ होगा। वॉट्सएप बॉट का उपयोग करने के लिए पावर कंपनी के वॉट्सएप बॉट नंबर 9425551912 पर हैलो लिखकर भेजना होगा। पहले चरण में उपभोक्ता बिजली मितान बॉट के माध्यम से बिजली आपूर्ति, ट्रांसफार्मर खराबी एवं बिजली दुर्घटना से संबंधित शिकायत आसानी से दर्ज कर सकते हैं, साथ ही साथ उसकी स्थिति भी इस बॉट के माध्यम से जान सकते हैं। अगर उपभोक्ता को अपनी बकाया राशि, अंतिम बिल और अंतिम भुगतान की जानकारी जाननी हो तो भी बिजली मितान बॉट के माध्यम से जान सकते हैं। जिन उपभोक्ताओं को बिल प्राप्त न होने की शिकायत रहती है वे भी अब बड़ी आसानी से इस बॉट के माध्यम से बिल की पीडीएफ प्रति यहां से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की विस्तृत जानकरी भी इस बॉट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। भविष्य में बिजली मितान बॉट में बिजली बिल भुगतान, मोबाइल नंबर पंजीकरण, नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन, लोड परिवर्तन, नाम परिवर्तन, टैरिफ की जानकारी, बिजली चोरी की सूचना देने की सुविधा, स्मार्ट मीटर से संबंधित जानकारी के साथ-साथ अन्य कई प्रकार की उपभोक्ता सेवाएं इस बॉट के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

## बिजनेस साइट

### श्री बालाजी डेंटल हॉस्पिटल में 3 हजार रुपए में बनेगी बत्तीसी

**रायपुर**। मोवा स्थित श्री बालाजी डेंटल हॉस्पिटल में अब मरीजों के लिए दांतों का इलाज रियायती दरों पर उपलब्ध है। खासकर बुजुर्ग मरीजों के लिए यहां सिर्फ 3 हजार रुपए में बत्तीसी बनाई जा रही है। अस्पताल में 25 अनुभवी दंत चिकित्सक विभिन्न प्रकार के दंत इलाज प्रदान करते हैं, जिसमें इम्प्लांट, सर्जरी और रूट कैनाल ट्रीटमेंट शामिल हैं। हाल ही में बालाघाट से एक मरीज का दांत इम्प्लांट किया गया, जो पहले महंगे खर्चों के कारण यह उपचार नहीं करा पा रहे थे। वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल घोम के नेतृत्व में डॉ. विवेक लाड, डॉ. रितुराज और अन्य विशेषज्ञ डेंटिस्ट की पूरी टीम इलाज प्रदान करती है। अस्पताल 31 मार्च 2025 तक निशुल्क ओपीडी और दांतों की सफाई की सुविधा दे रहा है, साथ ही सभी इलाज पर 50 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है। इसके अलावा एडवांस डेंटल ट्रीटमेंट जैसे इनविजलाइन और स्माइल डिजाइनिंग जैसी सेवाएं भी उपलब्ध हैं।



### ऑटो एक्सपो आज से, विधिवत उद्घाटन कल करेंगे सीएम साय

**रायपुर**। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) द्वारा आयोजित 'ऑटो एक्सपो-2025' का आयोजन साइंस कॉलेज मैदान में आज शाम गणेश वंदना के साथ शुरू होगा। हालांकि इस आयोजन का विधिवत उद्घाटन 16 जनवरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। राडा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया है। राडा के प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर पारवानी, राडा के अध्यक्ष रविंद्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, फाडा के पूर्व अध्यक्ष मनीषराज सिंघानिया, अनिल अग्रवाल, जयेश पिथालिया, विवेक गर्ग, श्याम गुप्ता, मनीष गुप्ता, विकास मत्थानी और यश कानिया शामिल रहे।

ऑटो एक्सपो-2025 का आयोजन 15 जनवरी से 15 फरवरी तक पूरे एक माह तक होगा। इस दौरान छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सभी प्रकार के वाहनों पर रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। एक्सपो में चारों सेगमेंट के व्हीकल्स और स्पेयर पार्ट्स के 200 स्टॉल लगाए गए हैं। साथ ही वाहनों की खरीदारी-बिक्री की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी।



### गॉस मेमोरियल ग्राउंड में फन वर्ल्ड डिज्नीलैंड मेला

**रायपुर**। गॉस मेमोरियल ग्राउंड में आयोजित फन वर्ल्ड डिज्नीलैंड मेला इस साल राजधानीवासियों को अनोखा अनुभव दे रहा है। दुबई कार्निवल की थीम पर आधारित इस मेले में विश्व प्रसिद्ध स्थल जैसे बुर्ज खलीफा, एफिल टॉवर और लंदन ब्रिज की प्रतिकृतियां आकर्षण का केंद्र हैं। यहां रोमांचक झूलों, खरीदारी और स्वादिष्ट खाने का शानदार मिश्रण है। बच्चों और बड़ों के लिए ब्रेक डांस, जायंट व्हील और मिकी माउस जैसे झूलों का आनंद लिया जा सकता है। मेले में देशभर के कारीगरों के स्टॉल पर हस्तशिल्प, होम डेकोर और फैशन उत्पाद उपलब्ध हैं। फूड जोन में विविध प्रकार के स्ट्रीट फूड और मिठाइयां स्वाद प्रेमियों को लुभा रही हैं। विशेष रूप से बच्चों के लिए आकर्षक फन जोन भी बनाया गया है। यह मेला हर शाम 5 बजे से 10 बजे तक खुलता है और परिवारों के लिए मनोरंजन का बेहतरीन विकल्प प्रस्तुत करता है।

दुबई कार्निवल की थीम पर आधारित



# निकाय- पंचायत की मतदाता सूची का प्रकाशन अब 18 को, तीन दिन बढ़ा आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 18 जनवरी को होगा। पूर्व में अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी को करने का कार्यक्रम तय किया गया था। हालांकि राज्य निर्वाचन आयोग ने ये साफ नहीं किया है कि किन कारणों से अंतिम प्रकाशन में देर हुई है। सूत्रों की मानें, तो अब निकाय और पंचायत चुनाव के लिए घोषणा 25जनवरी तक होने की संभावना है। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग ने एक संशोधित आदेश जारी किया है। आयुक्त के अनुमोदन से सचिव ने कहा है कि द्वितीय चरण की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 18 जनवरी को किया जाएगा।

■ राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी किया आदेश

**इस प्रक्रिया से जुड़ रहे हैं नामः** मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से पहले राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची बनाने और नए नाम जोड़ने के संबंध में जारी निर्देश में साफ किया है कि किस प्रक्रिया से नाम जोड़े जाने हैं। इससे पहले छत्तीसगढ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राजपत्र (असाधारण)4 दिसम्बर, 2024 के माध्यम से छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम, 1995 में संशोधन किया गया है। ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली तैयार किये जाने समय अनुसूची संबंधी आदेश जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम के तहत प्रत्येक व्यक्ति जो ग्राम से संबंधित विधानसभा की निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकृत किये जाने के लिए अर्हित है या जिसका नाम उसमें प्रविष्ट है, ग्राम पंचायत की निर्वाचक नामावली में रजिस्ट्रीकृत किये जाने के लिए हकदार होगा।

### प्रारंभिक प्रकाशन के बाद अब अंतिम की तैयारी

*छत्तीसगढ राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकायों और पंचायतों के मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 31 दिसंबर को किया गया है। निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराना, दावे आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख 06 जनवरी थी। दावे आपत्तियों का निपटारा 09 जनवरी को हुआ है। नगरीय निकायों और पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी तय की गई है। ऐसे युवा मतदाता जिन्होंने 1 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, वह भी मतदाता बनने के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा करने के निर्देश दिए गए थे। इस तरह नई मतदाता सूची तैयार होने के बाद ही नगरीय निकाय के चुनाव होंगे।*

# चाय बनाते समय सिलेंडर लीकेज, आग लगने पर फटा, घर का सारा सामान जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के सड्डू क्षेत्र में बाजार चौक श्मशान घाट के पास बसी बस्ती में एक घर में आज तड़के गैस सिलेंडर में लीकेज होने से आग लग गई। आग लगने के थोड़ी देर बाद सिलेंडर भी फट गया, जिससे घर में देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया, जिससे घर के अंदर रखे नकदी 30 हजार रुपए सहित सारा सामान जल गया। यह हादसा और बड़ा हो सकता था, लेकिन घर में रहने वाली महिला ने सूझबूझ दिखाई और आग लगते ही अपने तीन बच्चों और पति को समय पर नींद से जगा कर घर के बाहर ले गई, जिससे सभी की जान बच पाई।

मिली जानकारी के अनुसार बाजार चौक-श्मशान घाट के पास बसी बस्ती में रहने वाला रेशनलाल वर्मा राजमिस्त्री का काम करता है। वह अपनी पत्नी बृजबाई और 25 वर्ष का बड़ा लड़का और 12 एवं 14 वर्ष के बच्चों के साथ रहता है। रेशनलाल की पत्नी बृजबाई ने बताया कि आज तड़के करीब 5.30 बजे वह उठने के बाद चाय बनाने के लिए रसोई में गई, जहां गैस की उसे दुर्गंध आ रही थी। उसने चाय बनाने के लिए जैसे ही चूल्हे में आग लगाई, उसकी रसोई में आग लग गई। यह देखकर वह घबरा गई और बड़ी घटना का अंदेशा होने पर उसने सबसे पहले अपने तीनों बच्चों एवं पति को नींद से जगाकर घर से बाहर ले गई। इस दौरान उसने अपना सिर्फ आधार कार्ड और कुछ अन्य दस्तावेज जो एक थैले में थे, उसे ही उठा पाई। जैसे ही सभी बाहर आए, वैसे ही आग भड़क गई और थोड़ी देर बाद सिलेंडर फट पड़ा, जिसके विस्फोट की आवाज दूर तक गई, जिसके कारण आसपास के घरों के लोग भी बाहर आ गए। फायर ब्रिगेड में आग लगने की सूचना भी पड़ोसियों ने पुलिस को दी, क्योंकि इस आगजनी में परिवार के लोगों के सभी फोन भी जलकर खाक हो गए थे।



### लाखों का नुकसान, घर की दीवारें तक टूटी

इस आगजनी एवं विस्फोट से घर का सारा जमान जलकर खाक हो गया है। घर में नकदी रकम, मोबाइल, पलंग, आलमारी, कूलर, बर्तन, चूल्हा, पेटी, बिस्तर, राशन सामग्री सहित सभी जल गए हैं। इसके अलावा घर की सीमेंट की छत भी पूरी तरह से टूट चुकी है, साथ ही घर की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई है। कई जगह से दीवार टूट भी गई है। इस तरह आगजनी में इस परिवार को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**



हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 15 जनवरी 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## सिटी इवेंट

# 14 घंटे नौकरी करने वाले दंपति बच्चों को क्या संस्कार सिखा पाएंगे



रायपुर। आधुनिक काल में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और हाथ से निकलते बच्चे' पर माधुरी नंदन कुलकर्णी ने कई महत्वपूर्ण तथ्यों के साथ सच्चाई बताते हुए समझाइश भी दी। बुरहानपुर से पहुंचीं माधुरी ने कहा कि बचपन से ही हम बच्चों को बड़ी नौकरी करने, ज्यादा से ज्यादा पैसे कमाने के लिए प्रेरित करते हैं। इसमें न तो हम उन्हें संस्कार दे पाते हैं और न ही परिवार की आत्मीयता का बोध करा पाते हैं। महाराष्ट्र मंडल में आयोजित बृहन्महाराष्ट्र मंडल के राष्ट्रीय अधिवेशन में महिला सत्र के दौरान परिसंवाद में बोलते हुए माधुरी कुलकर्णी ने कहा। अनुश्री अरोणकर ने कहा कि बड़े-बड़े पैकेज में 12-14 घंटे नौकरी करने वाले पति-पत्नी ही जब आपस में संवाद नहीं कर पाते तो बच्चों को वे संस्कार के नाम पर क्या सिखा पाएंगे? व्यावसायिक व्यस्तता के चलते दो-चार बड़े त्योहारों को छोड़ भी दें तो लगभग सभी त्योहार विलुप्ति की कगार पर हैं। कुटुंब का अर्थ बताते हुए अनुश्री ने कहा कि कुटुंब परिवार व एकता का संयुक्त शब्द है।

### व्यंग्यात्मक लेख से खूब हंसाया

इनके अलावा पूर्णिमा केलकर ने 'पर्यावरण में महिलाओं की भूमिका', स्मिता नागरिकर ने 'पढ़े लिखे युवा विदेशों की ओर की क्यों भागते हैं, स्वाति पाठक ने 'वर्तमान युग में वृद्धाश्रम की आवश्यकता', कुमुद लाड ने 'पर्यावरण संस्कृति' और महाराष्ट्र मंडल की आध्यामिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने 'महिलाओं के लिए योग व स्वास्थ्य' विषय पर चर्चा की। शोभा परांजपे ने पति के रिटायरमेंट पर व्यंग्यात्मक लेख का पठन कर लोगों को खूब हंसाया। कार्यक्रम का संचालन गोवा की चित्रा क्षीरसागर ने किया।

## लाइव इवेंट

# दिव्यांग बच्चों के लिए 'शिक्षा का मंदिर' प्री-प्राइमरी स्कूल में अब सक्षम बनेंगे



रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद रायपुर द्वारा एक और अनोखी पहल करते हुए दिव्यांग बच्चों के लिए प्री-प्राइमरी स्कूल शिक्षा का मंदिर नाम से मकर संक्रांति पर प्रारंभ किया गया है। परिषद के अध्यक्ष एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सभी को बधाई दी। सप्रे शाला परिसर बूढ़ापारा स्थित छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के मुख्य कार्यालय में इसकी विधिवत पूजा कर शुरुआत की गई है। वर्तमान में भी छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए बालगृह बालक माना कैम्प, बाल जीवन ज्योति बालिका गृह पुरानी बस्ती, बालिका गृह कोंडागांव के साथ स्पीच थेरेपी सेंटर रायपुर का संचालन कर रहा है। दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के साथ वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर भी शुरू किया जा रहा है, ताकि दिव्यांग बच्चों को उनकी क्षमता के अनुसार सक्षम बनाया जाए।

### ये रहे उपस्थित

प्राइमरी स्कूल के विधिवत शुभारंभ के मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. अशोक त्रिपाठी, डॉ. कमल वर्मा, महासचिव चंद्रेश शाह ने संबोधित किया। आभार प्रदर्शन संयुक्त सचिव राजेंद्र कुमार निगम ने किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष इंदिरा जैन, संयुक्त सचिव प्रकाश अग्रवाल, स्कूल प्रभारी संजीव बसंत हुददार, छगन भाई पटेल, रत्ना पांडे, हर्षा जोशी, प्रभा सेंद्रे, श्वेता सिंह, इंद्रसेन के साथ परिषद के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लाइव इवेंट

# स्वामी विवेकानंद की जीवन प्रसंगों से प्रेरित हुए विद्यार्थी




रायपुर। बच्चों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन प्रसंगों की बच्चों ने नाटक के माध्यम से शानदार प्रस्तुति देकर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने उनके जीवन से प्रेरणा लेने की शपथ ली। रविवार को सुधा फाउंडेशन ने आमासिवनी स्थित सुधा ओपन स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान मौजूद अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईटी विशेषज्ञ प्रशांत नायक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, स्वामी विवेकानंद के जीवन और बातों को अपने जीवन में उतारना ही हमारा जीवन को प्रगति की ओर ले जा सकता है। कार्यक्रम में फाउंडेशन के चेयरमैन गोपाल कृष्ण भटनागर ने सभी अतिथियों को कॉफी और मग देकर स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम का समापन बच्चों को मिठाई बांटकर किया गया।

### राष्ट्र निर्माण के लिए जीवन को जानो

कार्यक्रम में पहुंचे अतिथि गणित विशेषज्ञ अभिषेक खरे ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बच्चों को स्वामी विवेकानंद के जीवन के बारे में बताया। साथ ही विजेता बच्चों को पुरस्कार दिया। अतिथियों ने बच्चों को नवीनतम ज्ञान के बारे में सशक्त बनने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथि सदस्यों ने स्वामीजी के जीवन पर प्रकाश डाला। फाउंडेशन के सीईओ आरके सूद ने कहा कि स्वामीजी से कभी भी प्रेरणा लेकर काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा, उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।

## मकर सक्रांति पर मंदिरों में हुए धार्मिक अनुष्ठान

# खारुन की महाआरती, मंदिरों में उमड़ी भीड़, पतंगबाजी भी

मकर सक्रांति के अवसर पर महादेवघाट पर बनारस गंगा आरती के तर्ज पर भव्य खारुन महाआरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शाम 7 बजे घाट पर खारुन नदी में महाआरती का नजारा बनारस की तर्ज पर नजर आया, जिसमें आधा दर्जन से अधिक पुरोहितों ने विधि-विधान से मंत्रोच्चार कर महाआरती की। महादेवघाट पर गंगा नदी का प्रवाह नहीं है, किंतु माता गंगा के प्रति श्रद्धा में कोई कमी नहीं है। यहां 2 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने माता गंगा, खारुन और हाटकेश्वर महादेव की आरती में हिस्सा लिया।





रायपुर। एक घंटे तक महाआरती चलती रही। इस दौरान जयकारे से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। घाट पर आरती के दौरान का दृश्य बेहद की मनमोहक और भक्तिमय रहा। हर कोई महाआरती में डूबा नजर आया। महाआरती के बाद श्रद्धालु दीपदान कर पुण्य लाभ के भागी बने। ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार के साथ आरती की शुरुआत की। मंत्रोच्चार के साथ ताल-मृदंग की धुन पूरे माहौल को मंत्रमुग्ध कर रही थी। जैसे-जैसे मंत्रोच्चार के साथ आरती बढ़ रही थी। ताल-मृदंग की धुन में उत्साहित होकर हर हर महादेव का घोष पूरा



महादेवघाट गुंजायमान होता रहा। इस दौरान गंगा महाआरती की झलक साफ नजर आ रही थी। खारुन गंगा आरती में शामिल श्रद्धालुओं ने महाआरती के दौरान सैकड़ों की संख्या में दीप-प्रज्ज्वलन कर महादेवघाट को रोशनी से भर दिया। इस दौरान महादेव घाट का पूरा इलाका दीपों से जगमगा उठा।



### कलाकारों ने अभिनय से जीता लोगों का दिल

कलाकारों ने अभिनय से जीता दिल शाम को खारुन महाआरती से पहले श्रीरामकथा का मंचन किया गया, जिसमें कलाकारों ने श्रीराम चरित्र में राम-जन्म से लेकर रावण वध तक पूरा वर्णन किया। इस दौरान मंच के पास लोगों की भीड़ रही। लोगों ने कलाकारों के अभिनय को सराहा। सभी कलाकारों ने राम चरित्र के पात्रों को अपने अभिनय के माध्यम से दिलो-दिमाग में जीवित कर दिया। इस दौरान राम-वनवास, सीताहरण में राम सीता के अभिनय से लोगों की आंखों को नम कर दिया। महादेवघाट पर सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ रही, खारुन तट पर संक्राति पर्व में स्नान करने और भगवान के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई।

*मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को शहर में काइट फेस्टिवल के दौरान पंजगबाजों ने जमकर करतब दिखाए। बड़ी संख्या में बच्चों से लेकर युवाओं तक ने फेस्टिवल में रंगबिरंगी पतंगों से आसमान सजाया और एक-दूसरे की पतंग काटकर उत्तरायण उत्सव मनाया। अग्रवाल युवा मंडल ने रिश्तों का मांझा पतंग उत्सव का आयोजन किया, जिसमें 5 हजार से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। यहां आमजनों के साथ प्रोफेशनल पतंगबाजों ने आसमान में पतंग के साथ करतब दिखाए। बच्चे शेर, जिराफ समेत मोटू-पतलू, डोरेमोन जैसे कार्टून लेकर पहुंचे थे। इस दौरान पतंगों की लड़ाई ने बच्चों का उत्साह दोगुना कर दिया। प्रभारी आयुष मुरारका ने बताया, पतंग उत्सव में मनोरंजक गेम्स और कल्चरल प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया था।*




# वो काटा...पतंगबाजों ने दिखाए करतब पतंग काटने की जंग ने किया रोमांचित

### पतंगों की लड़ाई ने किया रोमांचित

बच्चे व युवा अलग-अलग थीम पर घरों से पतंग सजाकर पहुंचे। शुरुआती 15 मिनट तक हवा में पतंग उड़ाने का प्रयास करते रहे, जब पतंग आसमान में लहराने लगी, फिर एक-दूसरे की पतंग काटने की जंग शुरू हो गई। आसमान में पतंगों के बीच लड़ाई ने लोगों को रोमांचित किया। एक साथ सैकड़ों रंगबिरंगी पतंगों से आसमान भी नए रंग में नजर आया, लोगों ने इसे कैमरे में कैद किया। नवा रायपुर के मैदान में परंपरा की डोर से बंधी पतंगों ने खुशियों के रूप में आसमान छुआ। सुबह मौसम साफ रहा। हवा की गति भी कम थी। लोगों ने खिली धूप में जमकर पतंग उड़ाई। पारिवारिक आयोजनों में महिला व युवतियां भी पतंग उड़ातीं देखी गईं। पतंग उत्सव के साथ लोगों ने पारंपरिक राजस्थानी व्यंजन पकौड़ियां, तिल के लड्डू, फीणी का भी स्वाद भी चखा।



### मुक्तांगन में परिवार और दोस्तों संग उत्सव

पुरखौती मुक्तांगन नवा रायपुर में भी सुबह से ही लोग परिवार और दोस्तों संग पतंग उड़ाने के लिए पहुंच गए थे। यहां 50 से 100 फीट तक आसमान में पतंगों की लड़ाई आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों ने कार्टून, शेर और विभिन्न आकृतियों की पतंगें उड़ाईं। गुजराती और मराठी तथा मारवाड़ी समाज के लोग पारंपरिक परिधान में पहुंचे।







# सक्रांति पर खूब बिके लड्डू

### चावल-तिल से बनी खिचड़ी की दान

महामाया मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी, मंगलवार को सुबह 8.56 मिनट में संक्राति गया। जिसके बाद श्रध्दालुओं ने बड़ी संख्या में भगवान के दर्शन करने पहुंच रहे। इसमें बड़ी संख्या श्रध्दालुओं ने माता के दर्शन किए, इस दौरान चावल और तिल से बने खिचड़ी अर्पण किया, मंदिर परिसर में जरूरतमंदों को श्रध्दालुओं ने दान भी दिया।

### सफेद तिल बिके 200 रुपए किलो

राजधानी के गोलबाजार में मकर सक्रांति के अवसर लोगों की भीड़ देखने को मिली। लोग लड्डू बनाने के लिए तिल और गुड़ खरीदने पहुंचे। बाजार के कई चौक-चौराहों पर लगे ठेलों में लोग तिल के लड्डू खरीदते नजर आए। गोलबाजार स्थित परचून की दुकान के संचालक सतीश ने बताया कि मकर सक्रांति पर्व पर लोग सुबह से तिल और गुड़ खरीदने पहुंच रहे हैं। सक्रांति पर्व के कारण तिल की डिमांड बढ़ गई है, जिससे सफेद तिल की कीमत बाजार में 200 रुपए किलो चल रही है। वहीं गुड़ 50 रुपए किलो तक बिक रहा है। वही ठेलों पर तिल के लड्डू 100-150 रुपए पैकेट में बिक रहे। इसके अलावा फल्ली के लड्डू के साथ तिल पापड़ी और फल्ली पापड़ी भी खरीद रहे हैं। इसकी कीमत 30-100 रुपए तक रही।






### दर्शन करने उमड़ी भीड़

महादेवघाट पर सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ रही, खारुन तट पर संक्राति पर्व में स्नान करने और भगवान के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। कड़ाके की ठंड भी श्रद्धालुओं के जोश को कम नहीं कर पाई। लोग मकर सक्रांति पर्व पर लगातार मंदिर परिसर पहुंचते रहे। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने जरूरतमंदों को भोजन और अन्य वस्तुएं दान कीं। मकर सक्रांति पर्व पर दान का बहुत बड़ा महत्व होता है।

## कार्नर न्यूज

### मंदिर में दीप अलंकार को 300 से ज्यादा लोगों ने मिलकर सफल बनाया

# एक लाख दीपों से जगमगाया भगवान अय्यप्पा का मंदिर, 40 भक्तों ने चढ़ीं 18 पवित्र सीढ़ियां



रायपुर। मकर संक्रांति के दिन शहर में अनेक मंदिरों में रौनक रही। दिनभर भक्तों का तांता भगवान के दर्शन पाने को उमड़ता रहा। टाटीबंध स्थित अय्यप्पा मंदिर परिसर में भक्तों ने एक लाख दीपों से उजाला बिखेरा। हरिभूमि ने मंगलवार को अय्यप्पा मंदिर में पहुंचकर वहां दिनभर हो रहे आयोजनों का जायजा लिया। अय्यप्पा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोपाल मेमन ने बताया कि मकर संक्रांति को लेकर मलयाली समाज के लोगों में विशेष उत्साह रहा। मकर संक्रम पूजा उत्सव का प्रारंभ तड़के 4.30 बजे से तीन पुजारियों और 50 लोगों के साथ हुआ। इसके पश्चात मंदिर के कपाट खुलने के साथ प्रथम दर्शन की शुरुआत हुई। भगवान अय्यप्पा के स्नान, श्रृंगार के बाद सुबह की पहली पूजा की गई। इसके इतर भजन हॉल में अनवरत भागवत कथा चलती रही। श्री मेनन बताते हैं, मकर संक्रम पूजा के अवसर पर भव्य आम लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें 2000 से ज्यादा लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दीप अलंकार को 300 से ज्यादा लोगों ने मिलकर सफल बनाया। वहीं मंदिर के प्रवेश द्वार से पवित्र सीढ़ी तक दोनों ओर स्टैंड पर दीप रखे गए। गोपाल बताते हैं कि दीपों को जलाने में बच्चे, बुजुर्ग, युवा सभी रहे। सभी दीपों को प्रज्ज्वलित करने में एक घंटे से ऊपर लग गया। दीप अलंकार में दो तरह के दीये जलाए गए, जिसमें एक बड़ा दीप, जो मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री राजेश मूणत व वर्तमान विधायक पुरंदर मिश्रा आदि के नाम पर जलाया गया।



### प्रदेश का सबसे पुराना और बड़ा मंदिर

केरल के सबरीमाला मंदिर के तर्ज पर ही सभी भगवान अय्यप्पा के मंदिर बनाए गए हैं। गोपाल मेनन बताते हैं, मकर संक्रांति के दिन लाखों भक्त भगवान अय्यप्पा के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। लोगों की इतनी भीड़ रहती है कि सबको दर्शन नहीं मिल पाता। ऐसी स्थिति में दीप अलंकार की दिव्य ज्योति दिख जाने को भगवान के दर्शन के बराबर समझा जाता है।



### काले कपड़े पहन पवित्र सीढ़ियां चढ़े भक्त

मण्डल पूजा व्रत पूरा करने के पश्चात 40 भक्तों ने पहली बार पवित्र सीढ़ियां चढ़ी। सीढ़ी चढ़ते समय काले कपड़े धारण किए भक्तों ने अपने-अपने सिर पर पूजा सामग्री रखी, जिसमें जटा नारियल में भरा घी प्रमुख रहा। जटा नारियल से पानी निकालकर उसमें घी भरा गया और अच्छे से सील किया गया। यह घी नारियल में भगवान अय्यप्पा के परिसर में स्थित शिव मंदिर के पास भरा गया। भक्तों द्वारा लाई गई पूजा सामग्री से भगवान का अभिषेक किया गया। गोपाल बताते हैं कि पूजा सामग्री को भरने और चढ़ने के इस क्रम को पिल्लकेट्टुके व पवित्र सीढ़ी आरोहण कहा जाता है।

**धर्म लाइव**

## नेपाल से पहुंचे राष्ट्रीय प्रतिनिधि कौशल्या माता के किए दर्शन



**रायपुर।** पड़ोसी देश नेपाल के स्वजातीय राष्ट्रीय पदाधिकारियों के छत्तीसगढ़ आगमन पर प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारियों द्वारा भामाशाह भवन टिकरापारा में भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। वैश्य महासंघ नेपाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमेश्वर महासेठ, सचिव रामउदार महासेठ, शत्रुघन महासेठ, राष्ट्रीय वैश्य महासंघ विधान मसौदा समिति का स्वागत संयोजक इंजीनियर यशवंत साहू ने शॉल, श्रीफल और फूलमाला पहनाकर किया। नेपाल से आए प्रतिनिधियों ने गर्व से कहा कि नेपाल और भारत के बीच हजारों सालों से रोटी-बेटी का संबंध रहा है।

### विविध क्षेत्रों में भारत नेपाल की मैत्री को आगे बढ़ाना होगा

हमें और भी अन्य विविध क्षेत्रों में भारत-नेपाल की मैत्री को आगे बढ़ाना होगा। नेपाल से आए प्रतिनिधि राष्ट्रीय वैश्य संगठन के सभी प्रतिनिधियों ने भगवान राम के ननिहाल चंदखुरी में कौशल्या माता के दर्शन किए। इसके साथ तैलिक कुल की शिरोमणि राजिम भक्तिन माता के इतिहास से भी परिचित हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी विष्णु राम साहू, देवेंद्र कुमार साहू, पुखराज साहू, सुरेश साहू, नेमीचंद्र साहू आदि उपस्थित रहे।

**आराधना**

## वार्षिकोत्सव में भागवत कथा के साथ मिलेगा रासलीला का आनंद



**रायपुर।** हनुमान मंदिर ट्रस्ट गुढ़ियारी द्वारा वार्षिकोत्सव का आयोजन इस बार 17 से 24 जनवरी तक मारुति मंगलम भवन, अवधपुरी मैदान में किया जा रहा है। इस वार्षिकोत्सव आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को एक ओर जहां श्रीमद भागवत कथा श्रवण का आनंद प्राप्त होगा, वहीं देर शाम को भक्तजन दिव्य रासलीला का मनभावन आनंद भी उठा सकेंगे। हनुमान मंदिर ट्रस्ट गुढ़ियारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वार्षिकोत्सव आयोजन की तमाम तैयारियां अंतिम दौर में चल रही हैं। यातायात से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक की सारी जवाबदेही के लिए अलग-अलग समितियों का गठन भी किया गया है।

### 17 जनवरी को भव्य कलश यात्रा

महिलाओं के बैठने के लिए अलग से भागवत कथास्थल पर व्यवस्था की गई है। श्रीमद भागवत कथा का वाचन वृंदावन के पं. मनोज कृष्ण शास्त्री करेंगे। वहीं वृंदावन के ही स्वामी भुवनेश्वर वशिष्ठ के सानिध्य में दिव्य रासलीला होगी। भागवत कथा दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगी और रसलीला शाम को 7 बजे से शुरू होगी। इससे पूर्व 17 जनवरी को भव्य कलश यात्रा महेश भवन (रामदेव बाबा मंदिर) से सुबह 8 बजे निकाली जाएगी, जो गुढ़ियारी का भ्रमण करते हुए मारुति मंगलम पहुंचकर संपन्न होगी।

**समाज इवेंट**

## बृहन्महाराष्ट्र मंडल के शताब्दी महोत्सव का शुभारंभ झांसी से



**रायपुर।** बृहन्महाराष्ट्र मंडल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक चौबे कॉलोनी में हुई। इस दौरान बृहन्महाराष्ट्र मंडल के स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने पर आगामी 5 अप्रैल 2025 से 5 अप्रैल 2026 तक शताब्दी महोत्सव मनाए जाने का फैसला लिया गया। इस शताब्दी समारोह का शुभारंभ 12 अप्रैल 2025 को झांसी से होगा। बृहन्महाराष्ट्र मंडल के कार्यवाह दीपक कर्पे ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई।

### मंडल सदनिका के जीर्णोद्धार के लिए बजट स्वीकृत

बैठक में बीते वर्ष के कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से बृहन्महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष मिलिंद महाजन (इंदौर), उपाध्यक्ष शेखर रावसाहेब, प्रधान कार्यवाह दिलीप कुंभोजकर (जबलपुर), कार्यवाह दीपक कर्पे देवास, कोषाध्यक्ष जीके दातार (हैदराबाद) सहित पूरी कार्यकारिणी उपस्थित रही। शताब्दी महोत्सव को लेकर अध्यक्ष डॉ. प्रमोद जोशी कानपुर द्वारा विविध समितियों के गठन की जानकारी साझा की गई। वहीं दिल्ली स्थित मंडल सदनिका के जीर्णोद्धार के लिए बजट स्वीकृत कर प्रस्ताव पारित किया गया।

**युवा महोत्सव का समापन, अंतिम दिन कवि सम्मेलन में युवा कवियों ने सजाई महफिल**

# जब अनपढ़ थे तो गांव में रहते थे पढ़-लिख लिए तो तनाव में रहते हैं

साइंस कॉलेज मैदान में युवा महोत्सव का अंतिम दिन कविताओं और हास्य व्यंग्य के नाम रहा। मौका था कवि सम्मेलन का, जिसमें कुमार विश्वास समेत देश के युवा कवि रोहित शर्मा, कुशल कौशलेंद्र, मनु वैशाली और साक्षी तिवारी ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति से लोगों को खूब हंसाया। प्रेम, वियोग और श्रृंगार रस की कविताओं पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं।

**रायपुर।** कवि सम्मेलन का आनंद लेने बड़ी संख्या में श्रोता पहुंचे थे। कार्यक्रम में कुमार विश्वास ने सरकार पर हास्य व तंज कसते हुए जमकर तालियां बटोरीं। जब उन्होंने कहा कि भाजपा वाले जब भी फोन करते हैं, एक ही बात कहते हैं राष्ट्र के नाम पर आ जाओ भाई.., इसके बाद आगे कहा कि कांग्रेस वाले इस मामले में अच्छे हैं। आगे कहा कि 2004 में राजनेता को कहा था कि आप प्रधानमंत्री बनेंगे, वो बन भी गए। मां सरस्वती की बड़ी कृपा रही है। इस बात पर कार्यक्रम में खूब तालियां बजीं। इसके अलावा जिंदगी का फलसफा बताकर जीवन में सपने दिखाने वाली रचनाएं श्रोताओं के दिल में उतर गईं।









### राजनीतिक कटाक्ष और मजाकिया टिप्पणी ने किया मंत्रमुग्ध

कवि सम्मेलन में युवा कवियों ने कुशल कौशलेंद्र ने राजनीतिक कटाक्ष और मजाकिया टिप्पणियों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि मेरी प्रेमिका है झूठ बोलने में खिलाड़ी, लगता है बड़ी होकर विधायक बनेगी वो.., इसके बाद कविता सुनाते हुए कहा कि खुशी, सुख, चैन, अब सबके घरानों में नहीं मिलती, सुकूं की जिंदगी हमको दुकानों में नहीं मिलती, बहुत अनमोल दौलत है, दुआ ले लो, बुजुर्गों की ये वो दौलत है, जो हमको खजानों में नहीं मिलती..., कार्यक्रम में कुशल ने अपनी कविताओं से श्रोताओं का दिल जीता।



### लोगों को अंधेरे में रखने लग गए

मैं रोहित शर्मा... जब युवा कवि ने मंच से अपना परिचय दिया तो मैदान हंसी-ठहाकों और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। हर पंच पर लोग हंसते-हंसते लोटपोट हुए। कार्यक्रम में कविता और बीवी, नौकरी और सामाजिक व राजनीतिक व्यंग्य से लोगों को जमकर हंसाया। उन्होंने देसी अंदाज में उधार निकलवाने के मजेदार तरीके बताए। कार्यक्रम में जब उन्होंने अपनी लोकप्रिय कविता सुनाई तो लोगों ने तालियों से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अब तनाव में रहते हैंजब हम अनपढ़ थे तो गांव में रहते थे, हम पढ़ लिए तो तनाव में रहते हैं। जब हम अनपढ़ थे तो अंधेरे में रहते थे, हम पढ़े लिखे हो गए तो लोगों को अंधेरे में रखने लग गए।



### प्रेम कविताओं पर बजी सीटियां

कवि सम्मेलन में ठंड के बीच कवियों ने अपनी रचनाओं से ऐसा समां बांधा कि श्रोता देर रात तक अपनी जगह पर ही जमे रहे। मनु वैशाली की तुम कह रहे हो 'वैसे गांवों में क्या रखा है.., कविता लोगों को खूब पसंद आई। इसके बाद कहा कि जिस दिन ये आंसू बोलेंगे, आंगन तक को श्राप लगेगा! घायल अंतर्मन बोलेगा या फिर चोटिल तन बोलेगा, एक एक हर शब्द संभाले अपमानित जीवन बोलेगा.., प्रेम की हर कविता पर तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी। इसके अलावा साक्षी तिवारी ने भी अपने रचनाओं से कार्यक्रम में समां बांधे रखा।

### दौलत उसी के नाम करता हूं

कार्यक्रम में कुमार विश्वास और की कविताओं पर पर खूब सीटियां बजीं। जब उन्होंने किसी के दिल की मायूसी... जहां से होकर गुजरी है, हमारी सारी चालाकी... प्रेमरस की इस कविता को जैसे ही मंच से अपने अनोखे अंदाज में पढ़ा, हर व्यक्ति मंत्रमुग्ध हो गया। अपनी प्रसिद्ध रचना 'कोई दीवाना कहता है, कोई पागल समझता है, मगर धरती की बेचैनी को, बस ये बादल समझता है' सुनाई तो सभी श्रोताओं ने भी अपनी आवाज में उनका साथ दिया। इस दौरान भगवान श्रीराम की भक्ति पर भी कविता सुनाई। श्रृंगार रस में अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मन खुशगवार कर दिया।



## बच्चों ने नृत्य में पिरोया स्वच्छ भारत का अभियान, अभिभावकों ने बढ़ाया हौसला

**रायपुर।** मैक कॉलेज में वार्षिकोत्सव के दौरान घर-घर भगवा छाएगा, जैसे भक्ति गीतों से परिसर गूंज उठा। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद लोगों में बेहद उत्साह दिखा। मंगलवार को वंडर किड्स एकेडमी के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भावनात्मक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। श्रीगणेश की स्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, अनिल द्विवेदी शामिल हुए। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रस्तुति को खूब सराहा। कार्यक्रम में अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। अंत में अभिभावकों और दर्शकों ने इस कार्यक्रम को प्रेरणादायक और यादगार बताया।





### जोश-खरोश से ओतप्रोत रंगारंग प्रस्तुति

कार्यक्रम में बच्चों ने श्रीगणेश की वंदना इतने भव्य और रंगीन तरीके से पेश की कि पूरा वातावरण भक्ति और उत्साह से भर गया। साथ ही,"घर-घर भगवा छाएगा" की ऊर्जा से मंच पर भगवा ध्वज लहराने लगा और पूरा माहौल भगवान राम के आदर्शों की गूंज से राममय हो गया। इस भावनात्मक और ऊर्जावान शुरुआत ने दर्शकों को तालियों की गड़गड़ाहट के साथ प्रतिक्रिया देने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मां और बच्चों की जोड़ी ने भावनात्मक जुड़ाव तथा तालमेल से गीत को पेशकर सभी का दिल जीत लिया। पापा और बच्चों की प्रस्तुति ने जोश और उत्साह से भरे प्रदर्शन के साथ माहौल को और भी रोमांचक बना दिया। बच्चों ने स्वच्छता का संदेश देते हुए "स्वच्छ भारत" अभियान पर आधारित गीत पर नृत्य किया। उनकी मासूमियत और उत्साह ने स्वच्छता के महत्व को रंगीन और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया।

## सुखी जीवन के लिए मन की शांति जरूरी, आध्यात्मिकता में आनंद

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रशासक सेवा प्रभाग द्वारा विधानसभा रोड स्थित शांति सरोवर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नई दिल्ली से प्रशासक सेवा प्रभाग की मुख्य फैकल्टी मेम्बर ब्रह्माकुमारी विधात्री दीदी ने कहा कि यदि प्रशासकों में आध्यात्मिकता का समावेश हो जाए तो प्रशासन को संवेदनशील और उत्कृष्ट बनाया जा सकता है, क्योंकि शासन की सबसे प्रमुख इकाई प्रशासक ही होते हैं। शासन की नीतियों और कार्यक्रमों को संचालित करने की मुख्य जिम्मेदारी इसी वर्ग पर होती है। रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बताया कि आने वाले समय में रायपुर से अलग-अलग जिलों में प्रशासक वर्ग की सेवा के लिए अभियान (कैम्पेन) चलाया जाएगा, जिसके लिए हैण्ड तैयार करना ही इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है।



### आसानी से हर परिस्थिति का सामना

*एडिशनल कलेक्टर विनय अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में प्रशासन के क्षेत्र में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन अगर जीवन में आध्यात्मिकता आ जाए तो आसानी से हर परिस्थिति का सामना किया जा सकता है। अध्यात्म हमें हर परिस्थिति में शांत रहना, तनाव में नहीं आना और निष्पक्ष होकर निर्णय लेना सिखाना है। रायपुर सर्कल के मुख्य वन सरंक्षक राजू अगासीमनी, आईएफएस ने कहा कि सुखी जीवन के लिए मन की शांति जरूरी है। प्रशासक को कई प्रकार के दबाव के बीच काम करना होता है। चुनौतियां कुछ भी हों, लेकिन हमारा मन शांत हो, यह सीख हमें अध्यात्म से मिलती है। व्यक्तिगत जीवन में भी इसका असर पड़ता है। बिलासपुर के अपर कलेक्टर हर्ष पाठक ने कहा कि अध्यात्म हमें सही निर्णय लेने में मदद करता है। ब्रह्माकुमारी संस्थान हमारी सोच को सकारात्मक बनाने की शिक्षा प्रदान करता है।*

**भारतीय सेना दिवस आज : देश की सेवा करने युवा कर रहे आर्मी की तैयारी**

# सेना में भर्ती होने का ऐसा जज्बा, जॉब के साथ तैयारी, रोज 10 किमी. तक दौड़ लगा रहे युवा

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** युवाओं में सेना की वर्दी को लेकर खास आकर्षण होता है, जो उनके जज्बे और जुनून को हमेशा एक-सा बनाए रखता है। राजधानी के युवा सेना में जाने के लिए दिन-रात एक कर रहे हैं। सुबह-शाम दौड़ लगा रहे हैं, एकेडमी में जाकर लिखित परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे ही कुछ युवाओं से हरिभूमि ने मंगलवार को सेना दिवस के पूर्व बातचीत की। मूलतः उत्तरप्रदेश के कुशीनगर जिले के रहने वाले अभय प्रताप सिंह, जो अब बिरगांव में अपने परिवार के साथ रहते हैं, वे बताते हैं कि सेना में जाकर देशसेवा स्वरूप देशवासियों की रक्षा करना चाहते हैं। इसके लिए लिखित परीक्षा के तैयारी के साथ सुबह-शाम तीन घंटे दौड़ लगाते हैं। अभय बताते हैं कि 2023 अग्निवीर में उनका चयन भी हुआ था, लेकिन समय से दस्तावेज सत्यापन न करा पाने की वजह से उनका सपना अधूरा रह गया। अभय बताते हैं, उनके आदर्श शहीदे-आजम भगत सिंह व उनके एकेडमी गुरु इमरान खान हैं, जो वर्तमान में एसएसबी में असिस्टेंट कमांडर पद पर तैनात हैं। अग्निवीर में 75 प्रतिशत युवाओं को चार साल के बाद बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है, इससे जुनून कम नहीं होता, निराशा का भाव नहीं आता, इस सवाल पर अभय बताते हैं कि हमें 25 प्रतिशत में आने की सोचना चाहिए। अग्निवीर स्कीम के सकारात्मक तथ्य की बात करते हुए अभय ने बताया कि कोई भी सेना के मापदंड में आने वाला युवा 4 साल के लिए सेना में जाकर देशसेवा कर सकता है।




### सैम मानेकशॉ काजल और पूजा के आदर्श



अम्लेश्वर निवासी पूजा और शंकरनगर निवासी काजल भी सेना में जाने की तैयारी कर रही हैं। वे बताती हैं कि अब तो सरकार द्वारा एनडीए में भी लड़कियों की इंट्री भी कर दी गई है। हम सेना में जाकर देश की सेवा और रक्षा करना चाहती हैं। इसके लिए एनडीए की तैयारी कर रहे हैं, सुबह-शाम दौड़ लगाती है। सेना में दी जाने वाली ट्रेनिंग बहुत कठिन होती है, सवाल पर काजल और पूजा बताती हैं, हम उसके लिए भी तैयार हैं। सेना में जाने का जुनून हमारे दिलो-दिमाग में बसा हुआ है। पूजा बताती हैं कि उनके आदर्श फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ हैं।

### मिलता है सबसे ज्यादा देशसेवा का मौका

वीरगांव के ही योगेश कुमार और युगल साहू अपने सेना में जाने के पीछे की वजह बताते हुए कहा कि हर ईमानदार व्यक्ति देशभक्त है और वह देशसेवा कर रहा है। सेना एक ऐसा क्षेत्र जिसमें जाकर हम सबसे ज्यादा देश की सेवा कर सकते हैं। सरहद पर प्रहरी बन बाहरी दुश्मनों को देश में आने से रोक सकते हैं। वह बताते हैं कि हर रोज 10 किलोमीटर कोटा जाकर एकेडमी में परीक्षा की तैयारी करते हैं और शाम को 6 से 8 बजे तक दौड़ लगाते हैं। दोनों ही सेना में अपना आदर्श जनरल विपिन रावत को मानते हैं। युगल बीए प्रथम वर्ष और योगेश बीए अंतिम वर्ष के छात्र हैं।

सिटी स्पोर्ट्स

## छत्तीसगढ़ की जूनियर टीम फाइनल पहुंची



**रायपुर।** 39वीं सब जूनियर बालक 43वीं जूनियर बालक 45वीं सीनियर पुरुष तथा 18वीं पुरुष फेडरेशन कप राष्ट्रीय साइकिल पोलो चैंपियनशिप 2024 25 रानाघाट ,पश्चिम बंगाल में जारी है। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग के सेमी फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ ने उत्तर प्रदेश को 12 के मुकाबले 6 गोलों से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय साइकिल पोलो महासंघ के संयुक्त सचिव विनायक चन्नावार ने बताया कि इस मैच में शेखर ने 4 गोल, करण ने 5 गोल, पंकज 2 एवं कृष्णा ने एक गोल किया। इसके पूर्व क्वार्टर फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ ने केरल को 10 के मुकाबले 0 गोल के बड़े अंतर से पराजित किया। शेखर एवं करण ने 3-3 तथा शुभम एवं पंकज ने 2-2 गोल किए। सीनियर वर्ग में लीग मैच में इंडियन आर्मी से हुए मैच में 7-5 के स्कोर से छत्तीसगढ़ पराजित हुई इस मैच में विकास ने 3, शैलेंद्र और शेखर ने 1-1 गोल किया। सीनियर वर्ग में अपने दूसरे लीग मैच में छत्तीसगढ़ ने एक तरफा मैच में उड़ीसा को 15-0 के बड़े अंतर से हरा कर क्वार्टर फाइनल में पहुंची विकास ने 5, शेखर ने 4 तथा शैलेन्द्र एवं करण ने 3-3 गोल किए। अब उसका क्वार्टर फाइनल का मुकाबला भारतीय वायुसेना के साथ होगा।

## राष्ट्रीय बीच महिला हैंडबाल में छत्तीसगढ़ को स्वर्ण पदक



**रायपुर।** असम हैंडबाल संघ द्वारा हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में सीनियर बीच राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन सरुसजई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गुवाहाटी, असम में 10 जनवरी से 13 जनवरी किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य की महिला हैंडबाल टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 13 जनवरी को प्रतियोगिता का फाइनल मैच छत्तीसगढ़ एवं केरल के मध्य खेला गया। जिसमें छत्तीसगढ़ ने केरल को दो सीधे सेटों में प्रथम सेट 14-11 एवं दूसरे सेट में 19-11 गोलों से हराकर प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। छत्तीसगढ़ की कंचन महानंद को बीच महिला हैडबाल प्रतियोगिता का बेस्ट गोलकीपर का खिताब प्रदान किया गया। इसके पूर्व आज प्रातःकालीन खेले गये सेमीफाइनल मैच में छत्तीसगढ़ ने हरियाणा को 13-12 एवं 15-12 गोलों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। छत्तीसगढ़ बीच महिला हैंडबाल टीम के स्पर्ण पदक प्राप्त करने पर छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ के अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सिंघानिया, बी.एस.पी. हैंडबाल क्लब के अध्यक्ष बी.डी. बाबू (महाप्रबंधक प्रभारी, प्लांट गैरेज) एवं सचिव अब्दुल रहीम, छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ के संस्थापक सदस्य पूर्व महासचिव बशीर अहमद खान, महासचिव समीर खान, कोषाध्यक्ष विजय बहादुर, छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया, सहसचिव सहीराम जाखड़, सहसचिव मो. अकरम खान, विष्णु श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के महासचिव शम्भू सोनी, छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल खंडेलवाल, छत्तीसगढ़ रोविंग संघ के महासचिव आर.के. श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष आर. राजेन्द्रन, छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ यादव, सचिव प्रशांत राय, छत्तीसगढ़ सायक्लिंग संघ के सचिव व्ही.आर. चन्नावर, छत्तीसगढ़ फुटबाल संघ के महासचिव डॉ.जी.डी. गांधी और छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबाल संघ के सचिव अय्याज अहमद खान सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने शुभकामनाये दी है।

## रविशंकर विश्वविद्यालय के 5 वेटलिफ्टर अखिल भारतीय स्तर के लिए क्वालीफाई



**रायपुर।** लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जालंधर में चल रहे नॉर्थ ईस्ट अन्तर यूनिवर्सिटी भारोत्तोलन पुरुष प्रतियोगिता में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की पुरुष भारोत्तोलन टीम ने नॉर्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें 5 खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया। टीम के खिलाड़ियों में कोमल, तोमन, झमेंद्र, हंसराज और राहुल शामिल हैं।

प्रतियोगिता 15 से 18 जनवरी को लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय में ही होना है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल, खेल निदेशक प्रो. रीता वेंणु गोपाल और डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. राजीव चौधरी ने शुभकामनाएं दी हैं।

डॉक्टर कहते हैं, इस समस्या पर गंभीरता से दिया जाना चाहिए ध्यान

# अक्सर होता रहता है माइग्रेन तो हो जाइए सावधान कहीं ये किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं ?

क्या आपको अक्सर सिर में दर्द होता रहता है? कुछ स्थितियों जैसे तेज शोर, तेज रोशनी, ठंड या गर्मी के कारण ये समस्या बढ़ जाती है? अगर हां तो सावधान हो जाइए, ये माइग्रेन का लक्षण हो सकता है। माइग्रेन एक न्यूरोलॉजिकल विकार है, जो मुख्यरूप से सिर के एक हिस्से में दर्द, असहजता और उल्टी-मितली जैसी दिक्कतें पैदा करता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आपको अक्सर माइग्रेन होता रहता है तो इसपर गंभीरता से ध्यान दें। कुछ मामलों में माइग्रेन अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या के कारण होने वाली समस्या भी हो सकती है, इसके अलावा दीर्घकालिक रूप में माइग्रेन कई प्रकार की गंभीर समस्याओं का कारण भी बन सकती है।



### पोषक तत्वों की कमी और माइग्रेन का खतरा

अध्ययनों से पता चलता है कि शरीर में कुछ प्रकार के विटामिन्स और मिनरल्स की कमी के कारण भी माइग्रेन की समस्या हो सकती है या फिर ये ट्रिगर हो सकती है। शोधकर्ताओं का मानना है कि माइग्रेन से पीड़ित लोगों में मैग्नीशियम की कमी होने की आशंका दूसरों की तुलना में अधिक होती है। अध्ययनों से पता चलता है कि मैग्नीशियम का सप्लीमेंट लेने से माइग्रेन के सिरदर्द को रोकने में मदद मिल सकती है। इस विषय पर किए गए एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि डॉक्टर की सलाह पर अगर एक ग्राम मैग्नीशियम सप्लीमेंट लिया जाए तो आम दवा की तुलना में ये तीव्र माइग्रेन अटैक को कम करने में प्रभावी हो सकती है। आहार में मैग्नीशियम युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करने से सिरदर्द की समस्या से बचाव करने में मदद मिल सकती है।

### माइग्रेन के कारण स्ट्रोक का खतरा

माइग्रेन का आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि माइग्रेन से पीड़ित लोगों में अवसाद, चिंता और घबराहट संबंधी विकारों जैसी मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों का खतरा अन्य लोगों की तुलना में अधिक होती है। इसके अलावा माइग्रेन से पीड़ित लोगों में नींद संबंधी विकारों का खतरा भी अधिक देखा जाता रहा है। कुछ रिपोर्ट्स में इस बात को लेकर भी चिंता जताई गई है कि माइग्रेन की दीर्घकालिक स्थित आपके जीवनकाल में इस्केमिक स्ट्रोक होने के जोखिम को लगभग दोगुना कर सकती है।

### माइग्रेन रोगियों को बरतनी चाहिए सावधानी

अध्ययनकर्ता कहते हैं, यह प्रमाणित नहीं होता है कि माइग्रेन की समस्या सीधे तौर पर स्ट्रोक का कारण बनती है, हालांकि अगर आपको माइग्रेन है तो आपको स्ट्रोक का खतरा थोड़ा अधिक हो सकता है। माइग्रेन से पीड़ित व्यक्ति जो धूम्रपान भी करते हैं उन्हें स्ट्रोक का जोखिम अधिक होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ठंड के प्रति संवेदनशील लोगों को माइग्रेन होने की आशंका अधिक होती है। ऐसे में सर्दियों में सिरदर्द, खासतौर पर माइग्रेन से बचाव के लिए प्रयास करते रहना बहुत आवश्यक हो जाता है। इसके लिए जरूरी है कि आप ठंड से बचाव करें। दिनचर्या में व्यायाम को शामिल करने से आपको लाभ मिल सकता है, व्यायाम करने से सेरोटोनिन का स्तर बढ़ता है जो इसके जोखिमों को कम कर सकता है। सर्दियों में सिर को अच्छे से कवर करें, इससे भी माइग्रेन से बचाव किया जा सकता है।



# मक्खन और क्रीम को फ्रिज में कब तक करना चाहिए स्टोर



मक्खन, क्रीम और चीज ऐसे महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ हैं, जिनका उपयोग किसी न किसी चीज में हो ही जाती है। स्वादिष्ट व्यंजन बनाने से लेकर बेकिंग तक कई तरह से हम इन चीजों की मदद लेते हैं। लेकिन इन डेयरी उत्पादों को सही तरीके से स्टोर करना और उनकी शेल्फ लाइफ को समझना बहुत जरूरी है।

अगर इन्हें सही तापमान और तरीके से स्टोर न किया जाए, तो इनके खराब होने का खतरा बढ़ सकता है। इस लेख में हम जानेंगे कि मक्खन, क्रीम और चीज को फ्रिज में कितने समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है!

### मक्खन

अनसाल्टेड मक्खन अपने प्राकृतिक स्वाद के कारण बेकिंग में उपयोग किया जाता है। इसे फ्रिज में सही तरीके से स्टोर करने पर यह 1 महीने तक सुरक्षित रहता है। अनसाल्टेड मक्खन में नमक न होने के कारण इसका खराब होने का खतरा अधिक रहता है। इसे हमेशा उसके मूल रैपर या एयरटाइट कंटेनर में लपेटकर रखें, ताकि यह फ्रिज में अन्य खाद्य पदार्थों की गंध को अवशोषित न कर सके। बार-बार पिघलाने और जमाने से बचें, क्योंकि इससे इसकी बनावट और स्वाद प्रभावित हो सकता है। लंबे समय तक स्टोर करने के लिए इसे फ्रीजर में रखा जा सकता है।

साल्टेड मक्खनः साल्टेड मक्खन में नमक होने के कारण यह अनसाल्टेड मक्खन की तुलना में अधिक समय तक टिकता है। इसे फ्रिज में सही तरीके से स्टोर करने पर यह 2-3 महीने तक सुरक्षित रहता है। साल्ट न केवल इसके स्वाद को बढ़ाता है, बल्कि इसे प्रिजर्व करने का काम भी करता है। इसे हमेशा उसके मूल रैपर में रखें और फ्रिज में सबसे ठंडी जगह पर स्टोर करें। लंबे समय तक स्टोर करने के लिए इसे फ्रीजर में भी रखा जा सकता है, जहां यह 6-9 महीने तक सुरक्षित रह सकता है।

# घर पर कछुआ रखने से आएगी सुख-शांति, दिशा का रखें ध्यान

वास्तु शास्त्र और फेंगशुई में कछुए को सकारात्मक ऊर्जा, सुरक्षा, समृद्धि और दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इसकी सही दिशा और सामग्री के अनुसार कछुए को रखने से घर में सुख-शांति, वित्तीय स्थिरता और अच्छे स्वास्थ्य का वास होता है।

वास्तु शास्त्र में कछुए का महत्व



हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान विष्णु ने कच्छप अवतार धारण करके समुद्र मंथन में मंदराचल पर्वत को अपनी पीठ पर उठाया था। तभी से कछुए को संतुलन, समर्थन और स्थिरता का प्रतीक माना जाने लगा। ज्योतिष ही नहीं बल्कि कछुए को वास्तु और फेंगशुई में भी बहुत शुभ माना जाता है और ऐसे कहा जाता है कि यदि आप अपने घर में किसी भी तरह का कछुआ रखते हैं तो ये आपके जीवन में समृद्धि लाने में मदद कर सकता है।

यही नहीं कछुए की लंबी आयु इसे दीर्घायु का प्रतीक बनाती है, इसलिए जिस घर में किसी भी रूप में इसे रखा जाता है वहां के लोगों को रोगों से बाहर निकलने में मदद मिलती है।मान्यता है कि सही दिशा में कछुए को रखने से आर्थिक प्रगति होती है और घर में धन का आगमन होता है। इसके साथ ही कछुआ घर में शांति और सौहार्द्र का वातावरण बनाने में मदद करता है।

### किन चीजों का कछुआ घर में रखना होता है शुभ

अगर हम वास्तु के अनुसार घर में कछुआ रखने की बात करें तो आप क्रिस्टल, मेटल या लकड़ी का कछुआ रख सकते हैं। वहीं ऐसा भी कहा जाता है कि आपको अलग-अलग चीजों से बना कछुआ आपके घर में सौहार्द्र ला सकता है।



# ग्लूटेन फ्री डाइट पर हैं तो भूल से भी ना करें ऐसी गलतियां

आज के समय में लोग खुद को अधिक फिट और हेल्दी रखने के लिए तरह-तरह की डाइट फॉलो करते हैं। इन्हीं में से एक है ग्लूटेन फ्री डाइट। इसे वेट लॉस के लिए काफी अच्छा माना जाता है। साथ ही इससे आपके पाचन तंत्र पर भी अच्छा असर पड़ता है और आप अधिक एनर्जेटिक भी फील करते हैं। शायद यही वजह है कि अब दुनियाभर में लोग ग्लूटेन फ्री डाइट लेना पसंद करने लगे हैं। हालांकि, ग्लूटेन फ्री डाइट लेना किसी नई दुनिया में कदम रखने से कम नहीं है, क्योंकि आप सिर्फ आटा, मैदा या ब्रेड आदि का ही परहेज करना शुरू नहीं करते, बल्कि आप अपने हर फूड आइटम के लेबल को स्कैन करने लग जाते हैं।

पूरी तरह से ग्लूटेन फ्री होना किसी की भी लाइफ में एक बड़ा बदलाव है और इस दौरान अक्सर लोग कुछ गलतियां कर बैठते हैं, जिससे उन्हें फायदा कम और नुकसान ज्यादा हो सकता है। ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन ऋतु पुरी आपको ग्लूटेन फ्री डाइट फॉलो करते समय की जाने वाली कुछ ऐसी ही गलतियों के बारे में बता रही हैं, जिनसे आपको वास्तव में बचना चाहिए-

### सिर्फ पैकेज्ड ग्लूटेन-फ्री फूड्स लेना

जब लोग ग्लूटेन फ्री डाइट फॉलो करते हैं तो उस दौरान पैकेज्ड ग्लूटेन-फ्री फूड्स को खाना ज्यादा पसंद करते हैं। लेकिन ये पैकेज्ड फूड आइटम्स काफी महंगे हो सकते हैं और अक्सर उनमें फाइबर, आयरन और बी विटामिन की कमी होती है। इससे आपकी जेब पर भी अतिरिक्त जोर पड़ता है, वहीं दूसरी ओर शरीर में पोषक तत्वों की कमी भी हो जाती है। पोषक तत्वों की कमी को पूरा करने के लिए दाल, बाजरा, शकरकंद और पत्तेदार साग जैसे ग्लूटेन-फ्री विकल्पों को शामिल करें।




### सॉस और मसालों को सुरक्षित मानना

अक्सर जब लोग ग्लूटेन फ्री डाइट लेते हैं तो उस दौरान सिर्फ गेंहू या मैदा से परहेज करते हैं। लेकिन इसके अलावा वे अन्य चीजों पर ध्यान नहीं देते हैं। जबकि सॉस और कुछ मसालों में भी छिपे हुए ग्लूटेन हो सकते हैं। सोया सॉस, टेरीयाकी सॉस, ग्रेवी या यहां तक कि सलाद ड्रेसिंग में मौजूद ग्लूटेन आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में आप ग्लूटेन फ्री अल्टरनेटिव जैसे होममेड ड्रेसिंग का सेवन करें।

### क्रॉस-कॅन्टिमेशन की अनदेखी करना

ग्लूटेन फ्री डाइट पर लोग अक्सर लेबल को तो चेक करते हैं, लेकिन क्रॉस-कॅन्टिमेशन की अनदेखी कर देते हैं। हालांकि, ग्लूटेन फ्री डाइट सिर्फ इस बारे में नहीं है कि आप क्या खाते हैं बल्कि इस बात भी कि इसे कैसे तैयार किया जाता है। एक ही टोस्टर, कटिंग बोर्ड का उपयोग करना आपके भोजन में ग्लूटेन ला सकता है। इसलिए, अगर आप ग्लूटेन फ्री डाइट पर हैं तो अपने रसोई घर में ग्लूटेन-फी एरिया सेट करें।



# आपका बच्चा बात नहीं मान रहा और बन रहा जिद्दी, वजह जानिए और उठाएं जरूरी कदम

### अत्यधिक लाड़-प्यार

जब बच्चे की हर बात मानी जाती है तो वह धीरे-धीरे जिद करने लगता है। उसे यह विश्वास हो जाता है कि जिद करने से उसकी हर मांग पूरी हो जाएगी। जरूरत से ज्यादा बच्चों को छूट देने से भी वह जिद्दी हो जाते हैं। माता पिता को चाहिए कि वह बच्चों को अनुशासन का महत्व समझाएं। प्यार के साथ सीमाएं तय करें। साथ ही बच्चों की हर बात पर हां कहने के बजाए ना कहना भी सीखें।

### माता-पिता की असहमति और मतभेद

अगर माता और पिता किसी बात पर एकमत नहीं होते और बच्चे के सामने एक-दूसरे की बात काटते हैं, तो बच्चा



इस स्थिति का फायदा उठाकर जिद्दी बन सकता है। वह जैसा अपने अभिभावक के बीच जिद का स्तर देखता है, वैसा ही अपने जीवन में भी अपनाता है। माता-पिता को बच्चों के सामने एकजुट रहना चाहिए और एक जैसी प्रतिक्रिया देनी चाहिए।

### अत्यधिक प्रतिबंध और कठोरता

कुछ माता-पिता बच्चों पर जरूरत से ज्यादा सख्ती बरतते हैं, जिससे बच्चे का स्वभाव जिद्दी हो जाता है। बच्चा सोचता है कि उसे अपनी बात मनवाने के लिए और जिद करनी होगी। हर बात पर बच्चे को नकारात्मक प्रतिक्रिया देने से वह जिद्दी बन जाता है। माता-पिता को चाहिए कि वह प्यार और अनुशासन के बीच संतुलन बनाएं। कठोर होने की बजाय बच्चे को समझा कर चीजें सिखाएं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पुतिन की भूमिका में नजर आएंगे जूड लॉ एम्पोली की किताब पर बन रही फिल्म



हॉलीवुड स्टार जूड लॉ अपनी आगामी फिल्म 'द विजार्ड ऑफ द क्रेमलिन' में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भूमिका निभाने नजर आ सकते हैं। इस फिल्म का निर्देशन ओलिवियर असायास कर रहे हैं। फिल्म में पुतिन के सत्ता में रहने के शुरुआती सालों को दिखाया जाएगा हॉलीवुड स्टार जेड लॉ ने स्वीकार किया है कि उन्हें 'द विजार्ड ऑफ द क्रेमलिन' में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भूमिका निभाने में डर लग रहा है। फिल्म में जूड के अलावा पॉल डानो, एलिसिया विकेंडर और जैक गैलिफियानाकिस भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। कथित तौर पर जूड लॉ अपनी आगामी फिल्म में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भूमिका निभाते नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 52 वर्षीय अभिनेता ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कहा, "वह फ्रांसीसी फिल्म निर्माता ओलिवियर असायस द्वारा निर्देशित आगामी फिल्म 'द विजार्ड ऑफ द क्रेमलिन' में पुतिन की भूमिका निभाएंगे। फिल्म पुतिन के सत्ता में शुरुआती सालों को दिखाया जाएगा।" जूड लॉ ने यह भी कहा कि उनके लिए यह भूमिका निभाना काफी भारी है। उन्होंने इस किरदार को 'एवरेस्ट पर चढ़ने जैसा बताया'। जूड ने कहा, ₹मैं तलहटी में देख रहा हूं, सोच रहा हूं, 'हे भगवान, मैंने क्या कहा है?₹ यह स्वीकार करते हुए कि चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं करने के बाद वह अक्सर ऐसा महसूस करते हैं। फिल्म में व्लादिमीर पुतिन के किरदार को ऊभरते हुए राजनेता के तौर पर दिखाया जाएगा। यह फिल्म गिउलिआनो दा एम्पोली की इसी नाम से बुक पर आधारित होगी। दानो वादिम बरानोव की भूमिका निभाएंगे।

### टॉलीवुड

## 'असुरन' के बाद काम करने फिर साथ आए वेत्रिमारन और धनुष, पांचवीं फिल्म के लिए मिलाया हाथ



प्रसिद्ध निर्देशक वेत्रिमारन और अभिनेता धनुष एक रोमांचक नई परियोजना पर पांचवीं बार साथ काम कर रहे हैं, जिसकी घोषणा 'विदुथलाई 2' के सफलता समारोह के दौरान की गई। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म वेत्रिमारन की नौवीं निर्देशित फिल्म होगी, जो एक रोमांचक अनुभव देगी। इस अनाम फिल्म का निर्माण आरएस इंफोटेनमेंट द्वारा किया जाएगा, जो विदुथलाई 2 का भी प्रोडक्शन हाउस है। यह घोषणा प्रोडक्शन हाउस आरएस इंफोटेनमेंट द्वारा 13 जनवरी को की गई, जो वेट्री की फिल्म विदुथलाईः पार्ट 2 की रिलीज के 25वें दिन थी। नई फिल्म की कहानी, कलाकारों और क्रू के बारे में विवरण अभी तक सामने नहीं आया है। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि यह फिल्म एक स्टैंडअलोन प्रोजेक्ट होगी या वडा चेन्नई की सीक्वल।

इस सहयोग का संकेत सबसे पहले 2022 में धनुष की फिल्म थिरुचित्रम्बलम के ऑडियो लॉन्च के दौरान वेत्रिमारन ने दिया था। वेत्रिमारन और धनु की परियोजना का समर्थन करने के साथ-साथ आरएस इन्फोटेनमेंट ने अभिनेता सूरी की आगामी फिल्म के साथ अपने सहयोग की भी घोषणा की है। इस फिल्म का निर्देशन नए कलाकार मथिमारन पुगाझेंथी द्वारा किया जाएगा, जो वेत्रिमारन की टीम का अभिन्न अंग रहे हैं। मथिमारन ने विदुथलाई सीरीज की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन दोनों फिल्मों के बारे में निर्माताओं द्वारा अभी और जानकारी का खुलासा किया जाना बाकी है। इस बीच वेत्रिमारन अभिनेता सूर्या अभिनीत फिल्म वादीवासल पर भी काम कर रहे हैं, जो सीएस चेलप्पा के उपन्यास पर आधारित है। तमिलनाडु के पारंपरिक आयोजन जल्लीकट्टू की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में जीवी प्रकाश कुमार का संगीत और आर वेलराज की सिनेमैटोग्राफी होगी।

### भोजपुरी

## खेसारी और नीलम की अदा भा गई दर्शकों को, छा गया 'दरदे में गरदे'



हरफनमौला सुपरस्टार खेसारी लाल यादव और अपनी खूबसूरत अदाओं से घायल करने वाली नीलम गिरी की बेहतरीन जोड़ी भोजपुरी के दीवानों का दिल लूटने के लिए साथ आई है। इनका नया भोजपुरी गाना 'दरदे में गरदे' हाल ही में रिलीज किया गया है। साल 2025 के इस नए धमाकेदार गाने में दोनों के बीच जबरदस्त रोमांस, तीखी नोक-झोंक और प्यार की तकरारै।

खेसारी लाल यादव ने इस गाने को करिश्मा कक्कर के साथ मिलकर गया है। दिलचस्प बात ये है कि रिलीज होने के 5 घंटे के भीतर ही इस गाने को यूट्यूब पर 3.88 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। यह गाना 'ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन- भोजपुरी' के चैनल पर रिलीज किया गया है। 'दरदे मे गरदे' मियां-बीवी के बीच मीठी तकरार का गीता है। खेसारी और नीलम की केमिस्ट्री जबरदस्त लग रही है। वीडियो सॉन्ग की शुरुआत बेडरूम में अंगड़ाई लेती और पेट दर्द से परेशान नीलम गिरी से होती है। वहीं पास में बिस्तर पर खेसारी भी लेटे हैं। नीलम झल्लाई हुई हैं और खेसारी को कोस रही हैं। वह कभी हाथ से तो कभी तकिए से उन्हें मार रही हैं। खेसारी उनसे पूछते हैं कि वह ऐसा क्यों कर रही हैं, इस पर नीलम कहती हैं कि उन्हें दर्द हो रहा है और खेसारी बिना यह समझे दर्द में ही गर्दा उड़ा रहे हैं।



आफ्टर पार्टी फैशन

मिलान इटली में भाई-बहन की जोड़ी साइमन और नाना विक ने आफ्टर-पार्टी के विचार के इर्द-गिर्द फैशन शो पेश किया। जिसमें हर दिन का भरपूर लाभ उठाने के महत्व को बताया गया था। यहां मॉडल के कम ज्ञात ब्रांड की नुमाइश सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और दर्शकों ने भी भरपूर ढंग से सराहा।

## लिप बाम के उपयोग के बाद भी सूख रहे हैं होंठ तो तैयार करें घरेलू स्क्रब

जनवरी का महीना चल रहा है। ऐसे में लोग सर्दी की वजह से काफी परेशान हैं। यदि आप भी होंठों के रूखेपन का हल चाहते हैं तो कुछ ऐसे स्क्रब के बारे में जानना चाहिए जिनके इस्तेमाल से होंठों की डेड स्किन हट जाएगी और होंठ अपने आप ही मुलायम रहने लगेंगे।

### शहद और चीनी का स्क्रब


होंठों को एक्सफोलिएट करने के लिए ये स्क्रब सबसे सही है। इसके लिए सबसे पहले 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच चीनी की जरूरत पड़ेगी। इन दोनों चीजों को मिलाकर एक पेस्ट तैयार करें। इसे हल्के हाथों से होंठों पर 1-2 मिनट तक मसाज करें। इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें। शहद मॉइस्चराइज करता है और चीनी डेड स्किन हटाने में मदद करती है।

### नारियल तेल और चीनी का स्क्रब

इसे बनाने के लिए आपको 1 चम्मच नारियल तेल और 1 चम्मच चीनी की जरूरत पड़ेगी। इस्तेमाल के लिए दोनों चीजों को मिलाकर पेस्ट बनाएं और होंठों पर सर्कुलर मोशन में हल्के से रगड़ें। फिर पानी से धो लें। नारियल तेल त्वचा को पोषण देता है और चीनी एक्सफोलिएट करती है।

### कॉफी और शहद का स्क्रब

ये स्क्रब त्वचा के लिए काफी लाभदायक है। इसे बनाने के लिए 1 चम्मच कॉफी पाउडर और 1 चम्मच शहद की जरूरत पड़ेगी। इन्हें



मिलाकर होंठों पर 1-2 मिनट तक स्क्रब करें और फिर धो लें। कॉफी डेड स्किन हटाने और ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाने में मदद करती है।

### नींबू और चीनी का स्क्रब

ये स्क्रब होंठों के लिए काफी अच्छा बताया जाता है। इसे बनाने के लिए 1 चम्मच चीनी और 1/2 चम्मच नींबू का रस लें। इन दोनों को मिलाकर हल्के हाथों से होंठों पर लगाएं और रगड़ें। इसके बाद साफ पानी से धो लें। नींबू डार्कनेस को कम करता है और चीनी एक्सफोलिएशन में मदद करती है।

## आउटफिट के साथ लॉन्ग कोट स्टाइल करते हुए इन टिप्स को भी करें फॉलो




ठंड के मौसम में हम सभी खुद को ना केवल सर्द हवाओं से बचाना चाहती हैं, बल्कि साथ ही साथ स्टाइलिश भी दिखना चाहती हैं। ऐसे में लॉन्ग कोट को अपने लुक का हिस्सा बनाना एक अच्छा आइडिया हो सकता है। यह न केवल आपको गर्म रखता है, बल्कि यह बेहद ही वर्सेटाइल भी है जो आपके किसी भी आउटफिट को एक डिफरेंट लुक देता हैं

चाहे आप किसी कैजुअल डे आउट के लिए तैयार हो रही हों या फिर बस अपने लुक को नेक्स्ट लेवल पर ले जाना चाहती हों, लॉन्ग कोट किसी भी आउटफिट के साथ पहनने के लिए एकदम सही है। इसे आप कई अलग-अलग तरह से स्टाइल कर सकती हैं और हर बार एक न्यू लुक क्रिएट कर सकती हैं। एक कंफर्टेबल लुक के लिए आप जींस और टॉप के साथ पहन सकती हैं। वहीं, पार्टी लुक के लिए आप विंटर ड्रेस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको आउटफिट के साथ लॉन्ग कोट को स्टाइल करने के कुछ आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं-

### जींस के साथ करें स्टाइल

अगर आप कैजुअल डे आउट के लिए तैयार हो रही हैं तो ऐसे में आप जींस के साथ लॉन्ग कोट को स्टाइल कर सकती हैं। स्किनी या स्ट्रेट-लेग जींस के साथ आप लॉन्ग कोट पहन सकती हैं। यह एक ऐसा लुक है, जो कभी भी आउट ऑफ ट्रन्ड नहीं होता है। यह एक कैजुअल लुक है, जो आपके स्टाइल को और भी खास बनाता है। आप कैजुअल वाइब के लिए डिस्ट्रेस्ड जींस के साथ चुनें। आप अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए उन्हें बूट्स में टक करें या फिर स्नीकर्स के साथ स्टाइल करें।

### स्कार्फ भी करें स्टाइल

अगर आप अपने आउटफिट के साथ लॉन्ग कोट को पेयर कर रही हैं तो ऐसे में उसके साथ स्कार्फ पहनकर आप अपने लुक को एक ट्विस्ट दे सकती है। आप इसे बस ऐसे ही पहन सकती हैं या फिर गर्दन के चारों ओर रैप भी किया जा सकता है। इससे आपको ठंड से बचने में भी मदद मिलती है और आपका लुक भी खास लगता है। अगर आप लॉन्ग कोट में एक स्लीक और क्लीन लुक पाना चाहती हैं तो ऐसे में आप मोनोक्रोम लुक कैरी करें। इसके लिए, आप अपने आउटफिट में एक ही कलर या न्यूट्रल पैलेट को चुन सकती हें।

## कुर्ती के साथ पहन रही हैं पैंट, तो मोहरी की ये अलबेली डिजाइंस आपको देगी नया लुक

कुर्ती और पैंट का कॉम्बिनेशन हर महिला को प्रिय है। हर महिला की वॉर्डरोब में इसका एक खास कलेक्शन देखने को मिल जाएगा। यह आउटफिट न केवल आरामदायक होता है बल्कि इसे ट्रेडिशनल और मॉडर्न दोनों तरह के मौकों पर आसानी से कैरी किया जा सकता है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि पैंट की मोहरी डिजाइन आपके पूरे लुक को और भी आकर्षक बना सकती है? जी हां, पैंट की मोहरी में कुछ इनोवेटिव और स्टाइलिश डिजाइनों को शामिल करके आप अपनी साधारण कुर्ती और पैंट को फैशनेबल बना सकती हैं। आइए जानते हैं, पैंट की कुछ अलबेली मोहरी डिजाइनों के बारे में।

### बटन वाली पैंट की मोहरी डिजाइन

अगर आप सिंपल लेकिन एलिगेंट लुक चाहती हैं, तो बटन वाली मोहरी डिजाइन परफेक्ट विकल्प है। पैंट के बॉटम पर बड़े या छोटे बटनों का इस्तेमाल करके आप इसे एक यूनिक लुक दे सकती हैं। इस तरह की पैंट को आप ए-लाइन या स्ट्रेट फिट कुर्ती के साथ पहन सकती हैं। यह डिजाइन कैजुअल और ऑफिस



दोनों लुक्स के लिए एकदम सही है।

### थ्रेड वर्क पैंट की मोहरी डिजाइन

थ्रेड वर्क हमेशा से ही भारतीय परिधानों का हिस्सा रहा है। पैंट की मोहरी पर खूबसूरत थ्रेड वर्क करवा कर इसे ट्रेंडी लुक दिया जा सकता है। फूलों, बेलों या ज्योमेट्रिक डिजाइन वाले थ्रेड वर्क से आपकी पैंट की मोहरी का लुक एकदम खास लग सकता है। कटवर्क डिजाइन का आकर्षण कभी खत्म नहीं होता। यह स्टाइल खासतौर पर गर्मियों के मौसम में बहुत पसंद किया जाता है। पैंट की मोहरी पर बारीक कटवर्क डिजाइन आपके आउटफिट को और भी क्लासी बना सकता है।

## ठंड में बॉडी एक्सफोलिएशन क्यों है जरूरी, जानिए यहां

सर्दी का मौसम स्किन के लिए काफी नुकसानदायक साबित हो सकता है। हवा में नमी की कमी और घर के अंदर की हीटिंग स्किन को काफी रूखा व बेजान बना सकती है। अमूमन यह देखने में आता है कि अपनी स्किन की नमी को बनाए रखने के लिए हम सभी बॉडी लोशन आदि का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन स्किन के लिए इतना पर्याप्त नहीं है। इसके साथ-साथ जरूरी है कि आप अपनी बॉडी को एक्सफोलिएट भी जरूर करें। बॉडी एक्सफोलिएशन से डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद मिलती है ताकि अंदर की स्किन अधिक नरम व स्मूथ बन सके। इतना ही नहीं, जब आप बॉडी को एक्सफोलिएट करते हैं तो इससे मॉइश्चराइज़र अधिक बेहतर तरीके से स्किन में अवशोषित होता है। साथ ही साथ, ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होने से स्किन में गजब का ग्लो भी आता है। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको बता रही हैं कि ठंड के मौसम में स्किन को एक्सफोलिएट करना क्यों जरूरी है-

### रूखी स्किन से मिलता है छुटकारा



ठंड के मौसम में हवा में नमी की कमी होती है, जिसकी वजह से स्किन ना केवल रूखी व डल हो जाती है, बल्कि यह काफी फ्लेकी भी हो जाती है। ऐसे में अपनी स्किन को फिर से स्मूथ और ग्लोइंग बनाने के लिए आप बॉडी को एक्सफोलिएट करें। एक्सफोलिएशन से डेड स्किन लेयर हट जाती है और आपकी स्किन अधिक स्मूथ नजर आती है।

**स्किन बेहतर तरीके से होती है मॉइश्चराइजः** ठंड के मौसम में यूं तो हम सभी मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इससे कुछ खास फर्क नहीं पड़ता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि फ्लेकी स्किन में क्रीम अच्छी तरह अंदर तक नहीं समाएगी और आपकी स्किन को वह डीप मॉइश्चर नहीं मिल पाएगा।

कार्नर न्यूज

### नए ट्रेंड के अनुसार ट्राई करें विंटर हेयर स्टाइल्स

## भारी जैकेट और ब्लेजर के साथ चुनिए कुछ खास हेयर स्टाइल, मिलेगी तारीफ

सर्दियों के मौसम में आप मोटे स्वेटर और जैकेट के बोझ तले दबी रहती हैं। ऐसे में आपका सबसे कूल स्टाइल यानी खुले बाल उलझन पैदा करता है तो कोई अन्य हेयर स्टाइल पसंद नहीं आता। ठंडे मौसम में बाल रूखे और बेजान भी दिखते हैं। ऐसे में क्यों न आप नए ट्रेंड के अनुसार विंटर हेयर स्टाइल्स ट्राई करें। ये हेयर स्टाइल सर्दी के मौसम के हिसाब से आपको गर्माहट देते हैं और आकर्षक भी नजर आते हैं।

### क्लासिक पोनीटेल

यह एक आरामदायक हेयर स्टाइल है, जो आपके गरम कपड़ों के साथ खूब फबता है। आप क्लासिक पोनीटेल को हाई या लो कैसे भी बना सकती हैं और चाहें तो आगे से कुछ बाल निकाल भी सकती हैं। यह हेयर स्टाइल बेहद सिंपल और एलीगेंट नजर आता है। इस पोनीटेल को बनाने के बाद आप इसे माइल्ड हेयर स्प्रे से सेट कर परफेक्ट लुक दे सकती हैं।

### ब्रेडेड बन

यह एक क्लासिक हेयर स्टाइल



है, जो आपकी खूबसूरती को कई गुना बढ़ा सकता है। इस लुक के लिए अपने बालों का मैसी बन बनाएं और फिर कुछ बालों को बन के चारों ओर लपेटते हुए ब्रेड्स को शामिल करें। आकर्षक लुक के लिए आप अपनी पसंदीदा हेयर एक्सेसरीज को भी जोड़ सकती हैं। साथ ही अगर आपके बाल ज्यादा लंबे नहीं हैं तो आप अपने बालों को अच्छी तरह कंघी कर पीछे की तरफ एक लूज बन भी बना सकती हैं।

### फ्रेंच ब्रेड

इस हेयर स्टाइल को आप किसी भी मौके पर बना सकती हैं। यह न केवल देखने में बहुत सुंदर लगता है, बल्कि बालों सही तरह से सेट करता है। इसे बनाने के लिए पहले बालों को शैंपू तथा कंडीशनर करें और एक बार कंघी करके उन्हें तैयार कर लें। अब अपने बालों को पहले सेंटर या साइड में बांट लें, जो भी आपको पसंद हो। अगर आप सेंटर पार्टिंग करना चाहती हैं तो बालों को बीच में बांटें और यदि आप साइड ब्रेड बनाना चाहती हैं तो साइड पार्टिंग करें।

### हाफ बन

हाफ बन यानी बालों का आधा हिस्सा ऊपर बांधकर बाकी को खुला छोड़ना। सर्दियों के



लिए यह एक बहुत ही ट्रेंडी और आकर्षक हेयर स्टाइल है। यह हेयर स्टाइल सर्दी में बनाना बहुत आरामदायक होता है और साथ ही बहुत स्टाइलिश भी दिखता है। इसके अलावा इसे बनाने में आपको समय भी कम लगेगा। इसके लिए पहले आपको बालों को सुलझाना है। अगर आप किसी पार्टी या फंक्शन में जा रही हैं तो इस लुक को परफेक्ट बनाने के लिए आप हाफ बन हेयर स्टाइल को क्रिएट कर सकती हैं।